


हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, बुधवार 3 जून 2026

### सरकार ने वाहन डीलरों पर कड़े नियम लागू करने की तैयारी की

# केंद्र के आदेश पर तैयारी, सेकेंड हैंड गाड़ियों का धंधा करने देनी होगी बैंक गारंटी, नियम तोड़ा तो रकम जब्त, कारोबार होगा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सेकेंड हैंड गाड़ियों का कारोबार करने वालों को अब अपना व्यवसाय चलाने के लिए लाखों रुपए खर्च करने होंगे। दरअसल सरकार अब इन कारोबारियों से 1 से लेकर 5 लाख रुपए की बैंक गारंटी लेगी। इसके बाद ही वे अधिकृत वाहन डीलर बन पाएंगे। यही नहीं, अगर नियम नहीं माने, तो बैंक गारंटी की रकम जब्त होगी और कारोबार भी बंद करवा दिया जाएगा।

#### ये है मामला

राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने यह नई व्यवस्था लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम, 1994 में संशोधन प्रस्तावित किया है। राज्य सरकार का यह कदम केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आदेश के क्रियान्वयन में है। प्रस्ताव पर आम जनता और संबंधित पक्षों से 30 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं।



#### किस वाहन पर कितनी बैंक गारंटी

प्रस्तावित नियमों के अनुसार मोटरसाइकिल, दिव्यांग वाहन, ई-रिक्शा और ई-कार्ट के कारोबार के लिए एक-एक लाख रुपये की बैंक गारंटी जमा करनी होगी। हल्के मोटर वाहनों के ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### वाहन लेन-देन की पूरी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

संशोधन मसौदे में पुराने वाहनों के कारोबार को पूरी तरह डिजिटल निगरानी के दायरे में लाने का भी प्रावधान किया गया है। अधिकृत डीलर को वाहन प्राप्त होने के दिन ही पोर्टल पर उसका इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड दर्ज करना होगा। वाहन मालिक और डीलर के बीच वाहन सौंपने तथा वापस लेने की प्रक्रिया भी निर्धारित ऑनलाइन प्रपत्रों के माध्यम से पूरी करनी होगी, जिसके बाद पोर्टल स्वतः पावती संख्या जारी करेगा। डीलरों को अपने पास मौजूद वाहनों का इलेक्ट्रॉनिक इन्वेंट्री रिकॉर्ड तथा डिजिटल रजिस्टर भी पोर्टल पर बनाए रखना होगा। इसके अलावा गिरवी या फाइनेंस पर खरीदे गए वाहनों के मामलों में वित्तीय संस्थान की सहमति लेना अनिवार्य होगा।

#### पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था भी अनिवार्य

*सरकार ने अधिकृत डीलरों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करना भी जरूरी किया है। साथ ही कार्यस्थल पर अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता बनाए रखने का प्रावधान किया गया है। डीलरों को वास्तविक और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने, लागू नियमों का पालन करने तथा वाहनों से संबंधित सभी बकाया देनदारियों के निपटान की जिम्मेदारी भी निभानी होगी।*

#### नियम तोड़ने पर प्रमाणपत्र रद्द और गारंटी जब्त

*प्रस्तावित संशोधन के अनुसार यदि कोई अधिकृत डीलर नियमों का उल्लंघन करता है या निर्धारित शर्तों का पालन नहीं करता, तो संबंधित पंजीयन प्राधिकारी उसे सुनवाई का अवसर देने के बाद कार्रवाई कर सकेगा। ऐसी स्थिति में डीलर का प्राधिकरण प्रमाणपत्र निलंबित या निरस्त किया जा सकता है। इसके अलावा जमा की गई बैंक गारंटी राशि भी जब्त की जा सकती है।*

#### ये है सरकार का उद्देश्य

*परिवहन विभाग के इस प्रस्ताव को राज्य में तेजी से बढ़ रहे सेकेंड हैंड वाहन बाजार को व्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बैंक गारंटी, ऑनलाइन रिकॉर्ड प्रबंधन और जवाबदेही से जुड़े प्रावधानों के जरिए सरकार वाहन स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने तथा फर्जीवाड़े और विवादों की संभावनाओं को कम करने का प्रयास कर रही है।*

---

### 12वीं बोर्ड परीक्षा में ऑन-स्क्रीन मार्किंग विवाद के बाद सरकार का बड़ा एक्शन

#### कंप्यूटर स्क्रीन पर जांची गईं थीं कापियां शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

# सीबीएसई चेयरमैन-सचिव हटाए गए ओएसएम खरीदी सिस्टम की होगी जांच

देश की सबसे बड़ी स्कूली परीक्षा संस्था सीबीएसई की कार्यप्रणाली, आंतरिक व्यवस्था और हाल में चल रहे विवाद को लेकर सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया गया। उनके स्थान पर वरिष्ठ नौकरशाह लोखंडे प्रशांत सीताराम और वरुण भारद्वाज को क्रमशः बोर्ड का नया चेयरमैन और सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही ओएसएम सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा के लिए सीबीएसई द्वारा अपनाई गई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के मद्देनजर यह कदम उठाया। सीबीएसई उस समय विवादों में घिर गई, जब कक्षा 12 के कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि बोर्ड की ओर से अपलोड की गई उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रतियां उनकी लिखावट से मेल नहीं खातीं। इससे ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली में उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान में संभावित गड़बड़ी को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। अधिकारियों के मुताबिक, सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव का तबादला कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा प्रक्रिया में ओएसएम प्रणाली के कार्यान्वयन को लेकर छात्रों और अभिभावकों ने चिंताएं जताई हैं। तकनीकी खामियों, भुगतान संबंधी ▶▶| शेष पेज 7 पर

- छात्रों के फीडबैक के बाद री-इवैल्यूएशन पोर्टल में बदलाव

#### राधा चौहान की अध्यक्षता में जांच समिति

केंद्र सरकार ने ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली का ठेका देने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए एक-सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह जांच समिति ओएसएम सेवाओं की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करेगी। समिति की अध्यक्षता कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को सीबीएसई द्वारा ओएसएम सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े सभी मामलों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### लोखंडे प्रशांत सीताराम नए चेयरमैन और वरुण भारद्वाज नए सचिव नियुक्त




#### क्या है मामला

दरअसल, 13 मई को सीबीएसई ने 12वीं का रिजल्ट जारी किया था। इस बार पहली बार कॉपियां कंप्यूटर स्क्रीन (ओएसएम सर्विस) पर चेक की गई थीं। रिजल्ट आने के बाद कई छात्रों ने नंबरों को लेकर शिकायत की, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई।

#### री-ईवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक

उधर, री-ईवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक हुआ। सीबीएसई के अनुसार, 2 मिनट में 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि 1 लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई। हालांकि, साइबर अटैक के बावजूद पोर्टल काम करता रहा और दोपहर 3 बजे तक 16 हजार ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### कब क्या हुआ

- 13 मई- सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किए
- 19 मई- पोस्ट रिजल्ट शिकायतों के समाधान के लिए पोर्टल खोला, लेकिन पहले ही दिन क्रैश हो गया
- 22 मई- तीन बार एक-एक दिन के लिए आंसरशीट की फोटोकॉपी लेने की तारीख बढ़ाई गई
- 25 मई- पोर्टल दुरुस्त करने के लिए देश के दो आईआईटी से मदद मांगी गई
- 1 जून- ओएसएम का रीवैल से जुड़ा पोर्टल दिन भर नहीं खुल सका
- 2 जून- बोर्ड ने पोर्टल लाइव करने की घोषणा की, यह 6 जून तक ओपन रहेगा

#### एक्सपर्ट व्यू

#### ओएसएम खलनायक नहीं है, व्यवस्था खलनायक है!

*ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) को लेकर होने वाली बहस अक्सर एक गलत विकल्प का शिकार हो जाती है। या तो इसके कार्यान्वयन की हर कमी को स्वीकार कर लिया जाए या फिर इस पूरी व्यवस्था को ही छोड़ दिया जाए। वास्तविकता इससे कहीं अधिक सूक्ष्म है। ओएसएम मूल रूप से त्रुटिपूर्ण नहीं है। वास्तव में, यह दुनिया के कई सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा और मूल्यांकन निकायों द्वारा अपनाई गई एक वैश्विक सर्वोत्तम प्रथा है। चुनौती इसके विचार (कांसेप्ट) में नहीं, बल्कि इसके निष्पादन की गुणवत्ता में है। दुनिया भर में, बड़े पैमाने पर होने वाली परीक्षाएं तेजी से डिजिटल मूल्यांकन की ओर बढ़ी हैं क्योंकि यह पारंपरिक कागज-आधारित मार्किंग की तुलना में कई लाभ प्रदान करता है। इनमें परीक्षकों की बेहतर निगरानी, लॉजिस्टिक (आवागमन और प्रबंधन) में होने वाली देरी में कमी, बेहतर ट्रेसिबिलिटी (पता लगाने की क्षमता), उन्नत गुणवत्ता नियंत्रण और मार्किंग पैटर्न में विसंगतियों का पता लगाने के लिए एनालिटिक्स का उपयोग करने की* ▶▶| शेष पेज 7 पर



डॉ. जवाहर सूरी शेट्टी
शिक्षा विद एवं कुलपति, रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भिलाई

---

#### पाटेश्वर धाम मामला

## आदिवासी समाज ने दिया 20 जून तक का अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पाटेश्वरधाम मामले को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने जिला प्रशासन को कार्रवाई के लिए 20 जून तक का समय दिया है, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को लगातार दूसरे दिन कलेक्टरेट पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### क्या हैं मांगें

*सर्व आदिवासी समाज आरक्षित वन क्षेत्र में कथित तौर पर किए जा रहे अवैध निर्माण और पक्के निर्माण को तुरंत रोकने और तोड़ने की मांग कर रहा है। समाज का आरोप है कि वन भूमि और आदिवासी देव स्थलों पर नियमों के खिलाफ कब्जा किया जा रहा है, जिसे प्रशासन द्वारा खाली कराया जाना चाहिए।*

#### मूकबधिर युवती से दुष्कर्म का मामला

## दुष्कर्म पीड़िता की मौत की होगी जांच पीएम में मिले सेफ्टी पिन और कॉर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां दुष्कर्म की शिकार हुई 18 वर्षीय मूक बधिर युवती की स्वास्थ्य अधिक बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

युवती को घटना के बाद 3 अप्रैल से सखी सेंटर में रखा गया था, जहां उसकी देखरेख और उपचार की व्यवस्था की जा रही थी। 19 मई को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### पेट दर्द की शिकायत के बाद चल रहा था उपचार

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि युवती को 12 मई को पेट दर्द की शिकायत के बाद सखी सेंटर से जिला अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में उसका उपचार किया गया और दवा देने के बाद उसकी स्थिति में सुधार होने पर उसे वापस सखी सेंटर भेज दिया गया। इसके बाद 19 मई को फिर उसकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई।*

---

## तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीतापुर के भाजपा विधायक रामकुमार टोप्पो समेत समर्थकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदेशभर के तहसीलदार, नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उनके हड़ताल से प्रदेश के तहसील कार्यालयों में मंगलवार को कामकाज पूरी तरह ठप रहा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले तहसीलदार व नायब तहसीलदार ▶▶| शेष पेज 7 पर

**तहसीलों में कामकाज ठप**

#### फेडरेशन चर्चा के बाद लेगा निर्णय-कमल

*हड़ताल को लेकर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने कहा, इस संबंध में तहसीलदार-नायब तहसीलदार की हड़ताल को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ। फेडरेशन की कोर कमेटी में चर्चा के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा।*




#### बच्चे बाहर से उठा लाए थे बैटरी

## आग में डालने से फटी मोबाइल की बैटरी, झुलसे मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

भाई-बहन के साथ घर के आंगन में खेल रहा मासूम मोबाइल की बैटरी फटने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के समय पिता काम पर गया था जबकि मां पानी लेने गई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम ब्रम्हपुर निवासी चालक महेंद्र सिंह नेताम हर रोज की भांति 31 मई की सुबह गाड़ी चलाने गया था। घर में पत्नी कलेसिया के अलावा पांच बच्चे थे। शाम को सभी बच्चे घर के आंगन में खेल रहे थे, वहीं मां कलेसिया ▶▶| शेष पेज 7 पर



#### घर में नहीं है एक भी मोबाइल

मृतक मासूम के पिता महेन्द्र सिंह नेताम ने बताया कि घर में न तो उसके पास और न ही उसकी पत्नी के पास मोबाइल है। पत्नी की दिमागी हालत ठीक नहीं है जिससे घर में कोई भी मोबाइल का उपयोग नहीं करते है। ऐसे में बच्चे बाहर फेंके गए मोबाइल की बैटरी को उठाकर घर लेकर आ गए थे। ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### सरकार ने बदले आव्रजन नियम

## विदेशियों को वीजा खत्म होने से 'पहले' कराना होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने भारत में विदेशी नागरिकों की निगरानी और आव्रजन प्रक्रिया को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए आव्रजन और विदेशी नियम, 2025 में कई बदलाव किए हैं। नए नियम के तहत अब अगर कोई विदेशी नागरिक 180 दिन से ज्यादा भारत में रुकने का इरादा रखता है, तो उसे 180 दिन की तय सीमा पूरी होने से पहले ही अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। पहले की तरह 180 दिन बीत जाने के बाद ▶▶| शेष पेज 7 पर




#### 14 दिनों की समय सीमा घटाई

सबसे बड़ा बदलाव ये हुआ है कि पहले नियम था कि 180 दिन की वीजा अवधि खत्म होने के 14 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य था लेकिन अब उसे समाप्त कर दिया गया है। अब विदेशी नागरिक अगर अपनी निर्धारित वीजा अवधि से ज्यादा रुकना चाहते हैं, तो उन्हें आधिकारिक पंजीयन अनिवार्य रूप से कराना होगा। कुछ विशेष ▶▶| शेष पेज 7 पर



## पार्टी से निकाले गए नेता के दावे से मचा हड़कंप

# '50 विधायक हमारे साथ, हम असली तृणमूल कांग्रेस, हमें मिले चुनाव चिन्ह'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल विधानसभा चुनाव हारने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। दो विधायकों को निष्कासन के अब ऐसे दावे किए जा रहे है कि तृणमूल कांग्रेस के अंदर फूट पड़ सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजु दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही यह भी दावा किया गया है कि ये विधायक पार्टी पर अपना दावा ठोक सकते हैं। मीडिया से बात करते हुए रिजु दत्ता ने दावा किया कि ऋतब्रत बंदोपाध्याय की अगुवाई में तृणमूल कांग्रेस के लगभग 50 विधायक एक होटल में मिले थे।

तृणमूल कांग्रेस के 50 विधायक मिले थे एक होटल में



### स्पीकर से करेंगे मांग

दत्ता ने बताया, उन्होंने (विधायकों) फोन पर भी बात की और शाम को एमएलए हॉस्टल में कई विधायकों के साथ एक मीटिंग भी की। स्पीकर के पास जाकर ये सब मुद्दे उठाएंगे कि हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है। लगभग 50 विधायक हमारे साथ हैं। हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं और यह चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए।

### गुप्त बैठकें और असली तृणमूल गुट की तैयारी

ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई हैं कि कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित विधायकों- ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा ने कोलकाता के ईएम बाईपास स्थित एक होटल में लगभग 50 बागी विधायकों के साथ कई गुप्त बैठकें की हैं। दावा किया जा रहा है कि यह बागी गुट खुद को असली तृणमूल के रूप में पेश करने और एक अलग धड़ा बनाने पर विचार कर रहा है। दल-बदल विरोधी कानून से अयोग्यता से बचने के लिए इन्हें 53 विधायकों (दो-तिहाई) के समर्थन की जरूरत है और वे कथित तौर पर इस आंकड़े को जुटाने की कोशिश में हैं।

### अभिषेक से हर कोई नाराज

टीएमसी के दो विधायकों ऋतुब्रत बंदोपाध्याय और संदीपान साहा ने स्पीकर को एक चिट्ठी लिखकर दावा किया कि उनके दस्तखत नकली थे। जिसके बाद तृणमूल कांग्रेस ने इन दोनों विधायकों को पार्टी से निकाल दिया। मेरे साथ भी ऐसा ही किया गया। पूर्व टीएमसी नेता ने कहा कि हर कोई वे आईपैक और अभिषेक बनर्जी से नाराज हैं।

## शुभेंदु सरकार के खिलाफ ममता का धरना

# 'भाजपा ने 177 सीटों पर की धांधली कार्यकर्ताओं को रोक रही पुलिस'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनी है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) 15 साल के बाद सत्ता से बेदखल हुई है। 15 साल बाद तृणमूल को उखाड़ फेंकने वाली भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज है। तृणमूल कांग्रेस इस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। दोनों दलों के आक्रामक तेवरों के बीच आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध-प्रदर्शन का एलान किया। टीएमसी की तरफ से हुए इस हल्लाबोल के बीच भाजपा ने सोनारपुर में हुई मारपीट और हिंसा के मामले में तृणमूल को घेरा है। भाजपा नेता



समिक भट्टाचार्य ने कहा है कि उनके दल पर तृणमूल के ऐसे राजनीतिक हथकंडों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

### यह कहा ममता ने

पूर्व सीएम बनर्जी ने कहा, भाजपा ने 294 में से 177 विधानसभा सीटों पर मतगणना में धांधली की। पुलिस ने धरने की अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा। विरोध और धरना जारी रहेगा, चाहे कितनी भी रोक लगाने की कोशिश की जाए। कठिन समय में टीएमसी कार्यकर्ताओं का साथ नहीं छोड़ूंगी। कार्यकर्ताओं को धमकाया जा रहा है और कई जगह हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस टीएमसी कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन में शामिल होने से रोक रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमेशा मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करती रही है। मेरी सरकार हमेशा मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करती रही है। बिना पुनर्वास के फेरीवालों को हटाना हमारी सरकार की नीति नहीं थी।

### कल्याण के आरोप

कोलकाता में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि आने वाले दिनों में और बड़े विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कोलकाता पुलिस आयुक्त और पुलिस अधिकारियों से कहा कि उनका वेतन जनता के टैक्स के पैसे से दिया जाता है और उन्हें संविधान तथा कानून के मुताबिक अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए। कल्याण बनर्जी ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी शांतिनिकेतन से पैसा लाकर पुलिस का वेतन नहीं देते हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को याद दिलाया कि समय हमेशा बदलता रहता है, इसलिए सभी को अपनी ड्यूटी निष्पक्ष तरीके से करनी चाहिए। टीएमसी नेता के इस बयान के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में सियासी बयानबाजी और तेज हो गई है।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट के 5 नए जजों ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के 5 नए जजों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई, जो कि स्वीकृत संख्या (38) से केवल एक कम है। केंद्र सरकार ने सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना, बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस चंद्रशेखर, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागु, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की मंजूरी दी थी।

### मणिपुर : प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने जबरन वसूली के आरोप में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, ये लोग स्थानीय लोगों और छोटे कारोबारियों से पैसे वसूल रहे थे।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के खिलाफ वसूली के आरोप हैं। दो उग्रवादियों को सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) से जुड़े हुए हैं।

### 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन शुरू




**नईदिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया था। मंगलवार से इसके लिए नामांकन शुरू हो गए हैं। इनमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गुजरात की 4-4 सीटें; राजस्थान और मध्य प्रदेश की 3-3 सीटें; झारखंड की 2 सीटें; और अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर व मेघालय की 1-1 सीट शामिल है। इन सीटों पर 18 जून को वोट डाले जाएंगे और उसी दिन नतीजे भी आ जाएंगे।

## दोस्ती में दरार : नाराज अमेरिकी राष्ट्रपति ने जमकर लगाई फटकार, तुरंत जंग रोकने कहा

# लेबनान पर इजराइल के हमले से भड़के ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा- तुम पागल हो

*लेबनान पर इजरायल के बढ़ते हमलों को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कॉल कर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने नेतन्याहू को 'पागल' तक कह दिया। यह सब तब हुआ जब ईरान ने लेबनान पर इजरायल की बढ़ती कार्रवाई को लेकर अमेरिका के साथ शांति समझौते पर बातचीत को छोड़ने की धमकी दी थी।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक्सियोस ने ट्रंप-नेतन्याहू के बीच हुई इस कॉल की जानकारी रखने वाले दो अमेरिकी अधिकारियों और एक तीसरे सूत्र के हवाले से बताया कि ट्रंप ने कॉल पर नेतन्याहू को पागल' कहते हुए एहसान फरामोशी का आरोप लगाया। कॉल के बारे में जानकारी रखने वाले एक अन्य सूत्र ने बताया कि ट्रंप 'बहुत गुस्से में' थे और एक समय नेतन्याहू पर चिल्लाते हुए बोले, 'तुम ये क्या कर रहे हो?' ट्रंप ने कहा, 'अगर मैं न होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हारी जान बचा रहा हूं। अब हर कोई तुमसे नफरत करता है। इस वजह से हर कोई इजरायल से नफरत करता है।' उन्होंने आगे बेरूत पर हमले की इजरायल की योजना पर भी रोक लगा दी।

फोनकाल में हुई थी दोनों नेताओं में बातचीत



### इजरायल-हिज्बुल्लाह नहीं करेंगे एक-दूसरे पर हमला

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट कर लिखा,'इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ मेरी बातचीत हुई और कोई भी ट्रूप्स बेरूत नहीं जाएंगे और जो भी ट्रूप्स रास्ते में हैं, उन्हें पहले ही वापस भेज दिया गया है। इसी तरह उच्च पद वाले प्रतिनिधियों के जरिए मेरी हिज्बुल्लाह के साथ भी बहुत अच्छी बातचीत हुई और वे इस बात पर सहमत हुए कि सारी गोलीबारी बंद हो जाएगी कि इजरायल उन पर हमला नहीं करेगा और वे इजरायल पर हमला नहीं करेंगे।'

### ईरान ने मीडिएटर के जरिए मैसेज शेयरिंग भी रोकी

ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने कहा कि तेहरान की बातचीत करने वाली टीम लेबनान पर हमलों की वजह से अमेरिका के साथ मीडिएटर के जरिए मैसेज का लेन-देन रोक रही है। ईरान ने इजरायल के लेबनान पर जारी हमलों की वजह से यूएस के साथ जारी पीस डील में मध्यस्थों के साथ सभी तरह की बातचीत को रोक दिया था। ईरान की तसनीम समाचार एजेंसी ने बताया, 'लेबनान में इजरायल के हमलों और लेबनान सीजफायर की पूर्व शर्तों में सहित सभी मोर्चों पर सीजफायर का उल्लंघन हो रहा है।

### 'सिर्फ चिंता नहीं, इजराइल पर दंडात्मक कार्रवाई हो'

ईरान के उप विदेश मंत्री काज़ेम गरीबाबादी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएन) की आलोचना करते हुए कहा है कि उसे केवल चिंता व्यक्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इजराइल के खिलाफ बाध्यकारी और दंडात्मक फैसले लेने चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में गरीबाबादी ने कहा कि सुरक्षा परिषद को 'चिंता व्यक्त करने के चरण से आगे बढ़ना चाहिए' और ऐसे निर्णय लेने चाहिए जो प्रभावी और बाध्यकारी हों। ईरानी अधिकारी ने आरोप लगाया कि इजराइल अन्य देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करता है, संघर्षविराम व्यवस्थाओं को कमजोर करता है और फिलिस्तीनियों के अधिकारों की अनदेखी करता है। उनके अनुसार, क्षेत्रीय अस्थिरता की एक बड़ी वजह इजराइल को मिली कथित दंडमुक्ति है।

### ईरान ने अमेरिकी भूमिका पर उठाए सवाल

गरीबाबादी ने अमेरिका की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के उस दावे का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बेरूत पर बड़े हमले से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था। ईरानी उप विदेश मंत्री ने कहा कि यदि ऐसा निर्णय एक फोन कॉल से बदला जा सकता था, तो यह अमेरिका की शांति स्थापना की कोशिश से अधिक इजराइल की सैन्य कार्रवाइयों में उसकी प्रत्यक्ष भूमिका का संकेत देता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि अमेरिका के पास इतना प्रभाव था, तो लेबनान में महीनों तक संघर्षविराम उल्लंघन, सैन्य कार्रवाई, लोगों के विस्थापन और संप्रभुता से जुड़े विवाद क्यों जारी रहे।

## विदेश मंत्रालय की नेपाली पीएम को दो टूक

# 'भारत-नेपाल सीमा विवाद में तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को नेपाल के साथ अपने 'सीमा विवाद' को सुलझाने के लिए किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका से साफ़ इंकार कर दिया। कुछ दिन पहले नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने इस विवाद को सुलझाने के लिए चीन और ब्रिटेन को शामिल करने की मांग की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दे के सभी पहलुओं से निपटने के लिए द्विपक्षीय तंत्र स्थापित किए हैं और भारत-नेपाल सीमा का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा तय हो चुका है।



### यह कहा था बालेन ने

रैपर से नेता बने बालेन शाह ने नेपाली संसद में कहा था कि सीमा विवाद पर भारत के साथ चर्चा के अलावा, नेपाल चीन और ब्रिटेन के भी संपर्क में है। उन्होंने कहा, 'चूंकि यह समस्या उस समय से है जब ब्रिटिश भारत ने इस क्षेत्र को छोड़ा था, इसलिए हमारा मानना है कि इस मामले में इंग्लैंड को शामिल किया जाना चाहिए।'

### यह है मामला

नेपाल और भारत के बीच लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को लेकर पुराना सीमा विवाद रहा है। भारत ने लगातार कहा है कि ये इलाके उत्तराखंड का हिस्सा हैं। रणधीर जायसवाल ने अपनी मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 'हमने बाउंड्री मामलों के सभी पहलुओं से निपटने के लिए बाइलेटरल सिस्टम बनाए हैं। सभी संबंधित लोगों को यह साफ होना चाहिए कि भारत और नेपाल के बीच बाइलेटरल मामले में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है।'

### कश्मीर पर यूरोपीय यूनियन को भी नसीहत

जम्मू-कश्मीर पर यूरोपीय यूनियन और पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र को शामिल करने संबंधी साझा बयान पर भारत ने जोरदार पलटवार किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के यूटी भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। जिन लोगों को ऐसे मामलों में कोई अधिकार नहीं है, उन्हें इन पर कोई भी कमेंट करने से बचना चाहिए।

## ट्विशा डेथ केसः सीबीआई अब ट्विशा के परिजनों से भी करेगी पूछताछ

# पूर्व जज गिरिबाला व बेटा समर्थ सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



ट्विशा डेथ केस में मंगलवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोपी पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके पुत्र समर्थ सिंह की रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद दोनों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए। सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह ने स्वयं अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि सीबीआई उन्हें और उनके बेटे समर्थ को परेशान कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जबलपुर में एक वकील ने समर्थ के साथ मारपीट की थी। इस पर संबंधित वकील ने कहा कि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे और पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड है।

### आम कैदियों से अलग रहेंगी गिरिबाला

जेल भेजे जाने की प्रक्रिया के दौरान गिरिबाला सिंह के वकील ने अदालत में आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की। आवेदन में कहा गया कि न्यायिक सेवा के दौरान गिरिबाला सिंह ने कई महत्वपूर्ण फैसले सुनाए थे, जिनसे जुड़े कुछ लोग जेल में बंद हो सकते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। अदालत ने जेल प्रशासन को आवश्यक सुरक्षा और अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बेल्ट जांच अधिकारी की कार में थी

जांच के दौरान एक अहम तथ्य सामने आया है। जिस लिगेचर बेल्ट के सहारे ट्विशा शर्मा फंदे पर लटकी मिली थीं, उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत तत्काल सुरक्षित नहीं किया गया। आरोप है कि बरामद बेल्ट को दो दिन तक जांच अधिकारी की निजी कार में रखा गया और उसे तुरंत एफएसएल नहीं भेजा गया। यह भी दावा किया जा रहा है कि पोस्टमार्टम के दौरान बेल्ट को एम्स अस्पताल में जमा नहीं कराया गया था। साक्ष्य संरक्षण में कथित लापरवाही के इन आरोपों ने जांच प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सीबीआई इन पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है।

## सर्वाधिक वेंडर पंजीयन श्रेणी में मिली उपलब्धि, 4 जून को दिल्ली में मिलेगा अवार्ड

# पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार में दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार में छत्तीसगढ़ का चयन 'माह का सौर अभियान – सर्वाधिक वेंडर पंजीयन' श्रेणी में द्वितीय स्थान के लिए किया गया है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष सारंगी ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकास शील को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है।





### सतत प्रयासों का परिणाम : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। यह उपलब्धि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य के सतत प्रयासों तथा जनभागीदारी का परिणाम है।' प्रमुख सचिव (ऊर्जा) तथा पावर कंपनीज के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने इस उपलब्धि के लिये अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है।

**इसलिए मिल रहा सम्मान :** यह सम्मान राज्य में सौर ऊर्जा अभियान के अंतर्गत सर्वाधिक वेंडर पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किया जा रहा है। इस श्रेणी में एक महीने में छत्तीसगढ़ ने 86 वेंडर पंजीयन दर्ज कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस तरह छत्तीसगढ़ में 1222 वेंडर पंजीकृत हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ ने महिला स्वसहायता समूहों को भी वेंडर बनाया है।

### राज्य में तकरीबन 62 हजार सौर संयंत्र स्थापित

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को सस्ती, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ-साथ बिजली बिल में कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। 1 जून 2026 की स्थिति में राज्य में 1 लाख 93 हजार 371 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 61 हजार 700 सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं तथा 1 लाख 32 हजार 28 स्थापना कार्य प्रगति पर हैं। 16 हजार उपभोक्ताओं के शून्य बिजली बिल का लाभ मिल चुका है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद कई देश दिखा रहे ब्रह्मोस, आकाश में रुचि

पिछले वर्ष की तुलना में 62% अधिक हुआ रक्षा निर्यात

# दुनिया में बढ़ी भारतीय हथियारों की डिमांड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं। ऑपरेशन सिंदूर' में ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, लॉयटरिंग म्यूनिशन और 'नेत्र' जैसे स्वदेशी हथियारों के शानदार प्रदर्शन के बाद दुनिया भर में भारतीय 'वार' मशीनरी की मांग में भारी उछाल आया है। रक्षा मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ का रिकॉर्ड रक्षा निर्यात दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 62% अधिक है। भारत ने अब 2029-30 तक 50,000 करोड़ के रक्षा निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।




### ब्रह्मोस के लिए इनसे हुआ सौदा

ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है।

### 100 से ज्यादा देशों को 38,424 करोड़ रु. का हुआ निर्यात

भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख हैं। अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है जहां 2.8 अरब डॉलर के प्रणाली व कल्पुर्जे बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को जाते हैं। अर्मेनिया जैसे देश पूरे तैयार हथियार खरीद रहे। सरकार ने 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। 2016-17 में यह मात्र 1,522 करोड़ रुपए था। यानी एक दशक से कम समय में इसमें 25 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मिले वैश्विक ध्यान ने इस लक्ष्य को और तेज गति देने के संकेत दिए हैं।

### आकाश-1एस एयर डिफेंस सिस्टम

आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया के साथ 6,100 करोड़ का अनुबंध पहले ही हो चुका है और इसकी डिलीवरी वर्तमान में जारी है, जिसे हाल ही में आर्मेनिया की सालाना परेड में भी देखा गया था। इसके अलावा, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने भी आकाश-1एस में रुचि दिखाई है, जबकि 'आकाश-एनजी' को लेकर नई बातचीत चल रही है।

## अध्यक्ष नितिन नवीन को सौंपा 5 पेज का इस्तीफा

# दक्षिण में भाजपा को झटका अन्नामलाई ने छोड़ा साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



तमिलनाडु के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से मंगलवार को मुलाकात की और उन्हें 5 पेज का इस्तीफा सौंपा। ये मुलाकातें अन्नामलाई के राजनीतिक भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच हो रही हैं। खबरों के मुताबिक, पूर्व आईपीएस अधिकारी एक नई राजनीतिक पार्टी शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसका दृष्टिकोण उनके सहयोगियों के अनुसार धर्मनिरपेक्ष और तमिल फर्स्ट है। उन्होंने नितिन नवीन और पार्टी महासचिवत को पांच पेज का इस्तीफा सौंप दिया है।

**कई पहलुओं से अन्नामलाई थे नाखुश :** यह घटनाक्रम तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीतिक को लेकर अन्नामलाई और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के बीच महीनों से चल रहे मतभेद के बाद सामने आया है। सूत्रों के अनुसार भाजपा द्वारा एआईएडीएमके के साथ दोबारा गठबंधन करने के फैसले और हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों से पहले उम्मीदवारों के चयन के कुछ पहलुओं से अन्नामलाई नाखुश थे।

रायपुर
बुधवार 3 जून 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 24, अंक : 313
12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 40.0
न्यून. 28.0

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



3 अल्फा की रिलीज डेट बदली...

विचार पेज
2 बदलते भारत-नेपाल संबंधों की कहानी

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम....पिछड़ा रायपुर जिला, मुंगेली-कोरिया समेत 9 जिलों ने पछाड़ा

## स्वास्थ्य सूचकांक में परफार्मर के रूप में मिला दूसरा स्थान, जांजगीर भी आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम को जमीन स्तर पर लागू करने में रायपुर जिला पिछड़ गया है। योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवन के मामले में मुंगेली, कोरिया समेत नौ जिले रायपुर से आगे निकल गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले दिनों जारी स्वास्थ्य सूचकांक में रायपुर जिले को परफार्मर के रूप में जांजगीर के बाद दूसरा स्थान मिला है। पर्याप्त संसाधन होने के बाद भी इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में बेहतर मानिटरिंग की कमी को कारण माना गया है।

शासन द्वारा प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति को बढ़ाने के उद्देश्य से कुछ प्रमुख सूचकांकों को मुख्यमंत्री अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में शामिल किया गया है। साथ ही भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए आउटपुट इंडिकेटर्स निर्धारित किए गए हैं। इन दोनों प्रमुख सूचकांकों को आधार बनाकर जिलों का स्वास्थ्य स्कोर कार्ड तैयार किया गया। पचास बिंदुओं पर आधारित स्कोर कार्ड के अनुसार जिलों को विभिन्न श्रेणियों-ग्रीन, ऑरेंज, येलो और रेड में वर्गीकृत किया गया जिसमें रायपुर जिले को परफार्मर के रूप में आरेंज श्रेणी में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा है। जानकारों का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम को लागू ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दुर्ग, बिलासपुर की हालत और दयनीय

इस स्कोर कार्ड में दुर्ग, बिलासपुर जैसे बड़े जिलों की हालत और भी दयनीय है। संसाधन संपन्न होने के बाद भी ये जिले राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने में बुरी तरह पिछड़े हुए है। इसके अलावा स्लो मूवर के लाल रंग के जोन में सरगुजा, सुकमा, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, नारायणपुर, एमएमसी और सक्ती शामिल है।



### ऐसे किया गया वर्गीकरण

**ग्रीन जोन**
'एचीवर' वाले जिले- कोरबा, कोरिया, जशपुर, रायगढ़, बलरामपुर, कोंडागांव, धमतरी, मुंगेली

**आरेंज जोन**
'परफार्मर' वाले जिले- जांजगीर, रायपुर, सूरजपुर, एमसीबी, राजनांदगांव, बस्तर, महासमुंद, बीजापुर

**यलो जोन**
'एसीप्रियेट' वाले जिले- गरियाबंद, कांकेर, बलौदाबाजार, दंतेवाड़ा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जीपीएम, बालोद

# चार दिन की देरी से केरल में कल दस्तक दे रहा मानसून, छग समेत 15 राज्यों में आंधी-बारिश!

केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून चार जून के आसपास दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को यह पूर्वानुमान जताया। केरल में मानसून आम तौर पर एक जून के आसपास पहुंच जाता है, जिसे दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम (जून-सितंबर) की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इधर, आईएमडी ने देश के 15 राज्यों में आंधी, तूफान और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली


- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने फिर जारी किया पूर्वानुमान

दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण-पूर्व अरब सागर के कुछ और हिस्सों, लक्षद्वीप तथा केरल और तमिलनाडु के कुछ भागों में चार जून के आसपास दक्षिण-पश्चिम मानसून के और आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। आईएमडी ने अपने दैनिक पूर्वानुमान में कहा, मानसून दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-मध्य, पूर्व-मध्य और उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के बाकी भागों में भी इसी तारीख के आसपास आगे बढ़ेगा। आईएमडी ने पहले अनुमान जताया था कि केरल में मानसून की दस्तक 26 मई के आसपास होगी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। बाद में विभाग ने 29 मई को कहा कि मानसून अगले हफ्ते पहुंच सकता है। पिछले हफ्ते विभाग ने अपने संशोधित पूर्वानुमान में कहा कि इस बार मानसूनी बारिश सामान्य से कम रहेगी। आईएमडी ने कहा कि भारत में इस साल दीर्घकालिक औसत (एलपीए) की 90 फीसदी बारिश होने की संभावना है। एलपीए से आशय किसी विशेष क्षेत्र में एक निश्चित अवधि (जैसे कि एक महीने या एक मौसम) के दौरान दर्ज की गई बारिश से है, जिसका औसत आमतौर पर 30 से 50 वर्षों की लंबी अवधि के आधार पर निकाला जाता है।



### मध्यप्रदेश और राजस्थान में आंधी-बारिश से 5 मौतें

इधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान में आंधी-बारिश से 5 लोगों की मौत हो गई। मप्र के नीमच में सोमवार रात मकान की छत ढहने से मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं, राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर में दीवार ढहने से दो बच्चों सहित 3 लोगों की जान चली गई।



### जम्मू में दो जगहों पर फटा बादल

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मंगलवार को दो जगह बादल फटे है। पहला बादल सरथल के गहन इलाके में और दूसरा माछीपाल क्षेत्र में फटा है। कुछ इलाकों में लैंडस्लाइड से सड़कें बंद हो गईं है। अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस, रेड क्रॉस, राजस्व विभाग और अन्य एजेंसियों की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों से लगातार संपर्क किया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद पहुंचाई जा सके।

### दंतेवाड़ा में गाज गिरने से महिला की मौत, 11 घायल

दंतेवाड़ा। जिले के चंदेनार साप्ताहिक बाजार में मंगलवार शाम को गाज गिरने से दुकान लगाने आई एक महिला निलबती की मौत हो गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 11 लोग झुलस गए थे, उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बाकी 9 घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

### इन राज्यों में आज आंधी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग के मुताबिक देश के 15 राज्यों यूपी, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलेगी। इसके अलावा पूर्वी राज्यों के लोगों को आंधी और बिजली गिरने से सावधान रहने की जरूरत है।

# लूट का विरोध करने पर व्यापारी की गोली मारकर हत्या, हथियार-आभूषण बरामद

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

- कोटमीकला सर्राफा व्यापारी हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर/पेंड्रा

हरिभूमि फॉलोअप

जिले के कोटमीकला साप्ताहिक बाजार में सर्राफा व्यापारी प्रदीप सोनी की गोली मारकर हत्या करने और लूट की सनसनीखेज वारदात के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, लूटे गए आभूषण तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। वहीं घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस ▶▶ शेष पेज 7 पर

### शूटरों की तलाश जारी

मुख्य आरोपी विकलांग खुशीराम साहू ने जिला व पड़ोसी जिले के सप्ताहिक बाजार में सराफा व्यापारी की रैकी करने के बाद बिहार, झारखंड से शूटरों को बुलाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस टीम शूटरों की तलाश में लगी हुई है।

### भतीजे ने जेवर छिपाने में किया सहयोग

आरोपी राजा राम साहू मुख्य आरोपी खुशीराम साहू का भतीजा है। हत्याकांड व लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद खुशीराम साहू सीपत लौटा तब उसने अपने भतीजे का सहयोग लेकर लूट के जेवर को सीपत क्षेत्र में जमीन में गड्ढा खोदकर गड़ाकर छिपाने में सहयोग किया था।

### छीनाझपटी के दौरान चलाई गोली

जांच में सामने आया कि आरोपी 23 मई को ही क्षेत्र में पहुंच गए थे और वारदात की तैयारी कर रहे थे। 26 मई की शाम करीब सात बजे उन्होंने प्रदीप सोनी से सोना-चांदी से भरा बैग लूटने का प्रयास किया। व्यापारी द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपियों ने छीना-झपटी के दौरान अवैध हथियार से गोली चला दी, जिससे प्रदीप सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### लूट के बाद जेवरों का किया बंटवारा

घटना के बाद आरोपी सोना-चांदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बाद में देवरीखुर्द क्षेत्र में लूटे गए आभूषणों का आपस में बंटवारा किया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर देवरी क्षेत्र से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और लूटे गए आभूषणों का हिस्सा बरामद किया है। आरोपियों ने आभूषणों की पैकिंग सामग्री जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास भी किया था।

# परिवार के एक सदस्य के नौकरी में होने मात्र से अनुकंपा नियुक्ति से इंकार नहीं किया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि केवल इस आधार पर अनुकंपा नियुक्ति से इनकार नहीं किया जा सकता कि मृत कर्मचारी के परिवार का कोई अन्य सदस्य सरकारी नौकरी में है। अदालत ने ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सिंगल बेंच ने दिया था पक्ष में फैसला

इस आदेश को चुनौती देते हुए नगर निगम आयुक्त ने खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की। सुनवाई के दौरान निगम ने तर्क दिया कि 14 जून 2013 की राज्य नीति के अनुसार यदि ▶▶ शेष पेज 7 पर

# दो बसें टकराईं, एक में लगी आग, सात की मौत

सूरत। गुजरात के सूरत जिले के बारडोली कस्बे के पास महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दो बसों की मंगलवार को हुई टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बारडोली तालुका के उवा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर हुई दुर्घटना के बाद एक बस पलट गई और उसमें आग लग गई, जिससे कई यात्री अंदर फंस गए। दोनों बसें महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम की थीं।

# अब मुख्यधारा में लौटकर जी रहे सम्मान की जिंदगी : साय



- समर्पित नक्सली दंपति मासा तामो और जयमोती चला रहे दुकान
- मुख्यमंत्री ने पानी की बोतल खरीदकर बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

सुशासन तिहार में जिले में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का काफिला सुदूर वनांचल के ग्राम कोण्डापल्ली में एक छोटी-सी किराना दुकान के सामने मंगलवार को रुक गए। बाहर से देखने पर यह एक सामान्य दुकान थी, लेकिन उसके भीतर संघर्ष, साहस और बदलाव की एक असाधारण कहानी छिपी थी। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पुनर्वास केंद्र बना नई जिंदगी का आधार

बीजापुर पुनर्वास केंद्र पहुंचने के बाद दोनों के जीवन में नया अध्याय शुरू हुआ। पहली बार उन्हें अक्षर ज्ञान मिला, कौशल विकास का प्रशिक्षण मिला और शासन की विभिन्न ▶▶ शेष पेज 7 पर

**वेदांता ग्रुप ने कहा- हम जांच में कर रहे सहयोग**

# वेदांता ग्रुप पर ताबड़तोड़ रेड कई ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा संबंधी कथित 'उल्लंघन' को लेकर अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता ग्रुप के खिलाफ जांच के तहत उसके आधिकारिक परिसरों में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि वैश्विक खनन समूह के खिलाफ छापेमारी सोमवार को शुरू की गई और दिल्ली, मुंबई एवं राजस्थान के उदयपुर स्थित परिसरों सहित वेदांता लिमिटेड के चार परिसरों की तलाशी ली गई। जांच विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय कंपनी वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज द्वारा 2023 में वेदांता लिमिटेड को ब्रांड शुल्क का एक हिस्सा लौटाए जाने का एक मामला संघीय जांच एजेंसी की जांच के दायरे में है। ▶▶ शेष पेज 7 पर



### पहले भी जांच के दायरे में आ चुका है वेदांता ग्रुप

बता दें कि वेदांता ग्रुप पहले भी साल 2004 में यह समूह पहले भी विदेशी मुद्रा मामलों में नियामक जांच के दायरे में आ चुका है। 2004 में, प्रवर्तन निदेशालय ने स्टरलाइट इंडस्ट्रीज और उसके तीन प्रमोटर निदेशकों को एफईआरए और फेमा के नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया था और कंपनी तथा उसके निदेशकों पर जुर्माना लगाया था।

### इधर, बाजार में गिरा वेदांता का शेयर

ईडी की इस अचानक कार्रवाई का असर शेयर बाजार में कंपनी के स्टॉक पर भी देखने को मिला। दोपहर करीब 11:45 बजे वेदांता लिमिटेड का शेयर 0.7% की गिरावट के साथ 334.6 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। आपको बता दें कि वेदांता लिमिटेड भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड एक बड़ी कंपनी है, जिसकी मार्केट कैपिटलाइजेशन (मार्केट कैप) लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपए है।




## चिंतन

# सरकार को परीक्षा तंत्र मजबूत करना ही होगा

देश के जेन जेड पर अपराधियों की बुरी नजर है। ये अपराधी येन-केन प्रकारेण युवाओं को भड़काना चाहते हैं। सीबीएसई, सीयूईटी-यूजी और नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में गड़बड़ी हुई है। इसमें सरकार को भी क्लीन चिट नहीं दी जा सकती, क्योंकि वह भी इन परीक्षाओं को लेकर पूरी तैयारी से बुरी तरह चूकी है। कुछ एथिकल हैकर्स ने कमियों को उजागर भी किया है। इसके बाद सतर्क सरकार ने सभी परीक्षाओं के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। करोड़ों छात्र-छात्राएं हर वर्ष विभिन्न बोर्ड, प्रवेश और भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से अपने भविष्य की दिशा तय करते हैं। ऐसे में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता केवल शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय विकास का भी प्रश्न है। हाल के वर्षों में कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं को लेकर सामने आई गड़बड़ियों, पेपर लीक, तकनीकी बाधाओं और साइबर हमलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश के परीक्षा तंत्र को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी तथा तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने की जरूरत है। सीबीएसई में 12वीं के री-इवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) को लेकर सीबीएसई का पोर्टल सोमवार को शुरू नहीं हो पाया। कड़ी मशक्कत के बाद आईआईटी दिल्ली और कानपुर के साइबर एक्सपर्ट ने पूरे दिन मेहनत कर पोर्टल को मंगलवार को शुरू किया। काफी हैरानी की बात है कि पोर्टल के चालू होते ही इस पर 2 मिनट में ही 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि 1 लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई। इस तरह के प्रयास बताते हैं कि कुछ बाहरी शक्तियां सीबीएसई के पोर्टल को चलने ही नहीं देना चाहती थी। यानी ये शक्तियां किसी भी तरह से जेन जेड को व्यवस्था के प्रति भड़काना चाहती हैं, ताकि युवा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर जाएं और मोर्चा खोल दें। हाल ही में कथित तौर पर अमेरिका में बने एक इंटाग्राम ग्रुप के इरादे भी जग जाहिर हो चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा सीबीएसई में प्रशासनिक स्तर पर किए गए बदलाव और ओएसएम प्रक्रिया की जांच के लिए समिति का गठन जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम माना जा सकता है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि परीक्षा प्रणाली की संपूर्ण समीक्षा की जाए और तकनीकी, प्रशासनिक तथा कानूनी स्तर पर व्यापक सुधार लागू किए जाएं। सबसे पहले, सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षा संस्थाओं के लिए एक मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। नियमित सुरक्षा ऑडिट, एथिकल हैकिंग परीक्षण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी और डेटा सुरक्षा के आधुनिक उपाय अनिवार्य किए जाने चाहिए। दूसरा, परीक्षा संचालन से जुड़े प्रत्येक चरण में पारदर्शिता बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में तथ्य तुरंत सार्वजनिक किए जा सकें। तीसरा, पेपर लीक, साइबर हमले और परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। सरकार को गड़बड़ियों को हर हाल में रोकना होगा और परीक्षा तंत्र को मजबूत करना ही होगा, ताकि साल भर मेहनत कर रहे होनहारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो। सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसा कोई मौका अपराधियों को न दें, जिससे परीक्षाओं की शुचिता पर सवाल उठे और सालभर मेहनत करने वाले युवाओं का सिस्टम से भरोसा उठे, इसलिए सरकार को पूरे परीक्षा तंत्र को मजबूत बनाना ही होगा।



विश्लेषण
राजेश जैन

# बदलते भारत-नेपाल संबंधों की कहानी

भारत और नेपाल का रिश्ता सबसे अनोखा, जटिल और सबसे भावनात्मक रिश्तों में से एक माना जाता है। दुनिया में बहुत कम ऐसे पड़ोसी देश हैं, जिनके बीच सीमाएं भी खुली हों और समाज भी इतने गहरे स्तर पर जुड़े हों। भारत-नेपाल संबंधों की आधुनिक संरचना काफी हद तक 1950 की भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि पर आधारित है। इस संधि का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग, व्यापार और नागरिक आवाजाही को आसान बनाना था। भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन इस पूरे समीकरण में अपनी जगह मजबूत करना चाहता है। ऐसे में दोनों देशों को संवाद और विश्वास आधारित संबंधों की नई संरचना विकसित करनी होगी।

दक्षिण एशिया की राजनीति में भारत और नेपाल का रिश्ता सबसे अनोखा, जटिल और सबसे भावनात्मक रिश्तों में से एक माना जाता है। दुनिया में बहुत कम ऐसे पड़ोसी देश हैं, जिनके बीच सीमाएं भी खुली हों और समाज भी इतने गहरे स्तर पर जुड़े हों। भारत और नेपाल का संबंध केवल दो सरकारों का संबंध नहीं है; यह सदियों से साझा संस्कृति, धर्म, भाषा, व्यापार, परंपराओं और मानवीय रिश्तों का जीवंत उदाहरण रहा है, लेकिन यही रिश्ता समय-समय पर अविश्वास, राष्ट्रवाद, सीमा विवाद और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की वजह से तनावपूर्ण भी हो जाता है। हाल के दिनों में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के एक बयान ने फिर यही सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर भारत-नेपाल संबंध बार-बार सीमा विवाद और राजनीतिक असहजता के मोड़ पर क्यों पहुंच जाते हैं। बालेन शाह ने नेपाली संसद में कहा कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली भूमि पर अतिक्रमण नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा कर रखा है। इस बयान के बाद नेपाल की संसद में हंगामा मच गया। विपक्ष ने उनसे सबूत मांगे, विदेश मंत्रालय को सफाई जारी करनी पड़ी और सोशल मीडिया पर तीखी बहस शुरू हो गई। पहली नजर में यह एक सामान्य राजनीतिक बयान लग सकता है, लेकिन वास्तव में यह उस गहरे बदलाव का संकेत है जो पिछले कुछ वर्षों में भारत-नेपाल संबंधों में दिखाई दे रहा है। यह केवल सीमा विवाद का मामला नहीं है। इसके पीछे राष्ट्रवाद, भू-राजनीति, चीन की बढ़ती भूमिका, नेपाल की नई राजनीतिक सोच और भारत की पारंपरिक पड़ोसी नीति से जुड़ी कई परतें मौजूद हैं। भारत और नेपाल का रिश्ता आधुनिक सीमाओं से कहीं पुराना है। नेपाल के लाखों नागरिक भारत में शिक्षा प्राप्त करते हैं, रोजगार करते हैं और व्यापार से जुड़े हैं। भारतीय शहरों में नेपाली समुदाय सहज रूप से घुला-मिला दिखाई देता है।

भारत की सेना में गोरखा रेजिमेंट का गौरवपूर्ण इतिहास दोनों देशों के भरोसे और साझेदारी का प्रतीक रहा है। खुली सीमा ने इस रिश्ते को और विशेष बनाया है। दुनिया के अधिकांश देशों के विपरीत भारत और नेपाल के नागरिक बिना वीजा और पासपोर्ट के एक-दूसरे के यहां आ-जा सकते हैं। यही वजह है कि भारत-नेपाल संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक संबंध भी हैं। राजनीतिक तनाव पैदा हो सकते हैं, लेकिन जनता के स्तर पर अपनापन अक्सर बना रहता है। भारत-नेपाल संबंधों की आधुनिक संरचना काफी हद तक 1950 की भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि पर आधारित है। इस संधि का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग, व्यापार और नागरिक आवाजाही को आसान बनाना था। उस समय चीन में कम्युनिस्ट क्रांति और हिमालयी क्षेत्र की बदलती भू-राजनीति को देखते हुए भारत नेपाल को अपनी सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानता था। इस संधि ने नेपाल को भारत के साथ विशेष आर्थिक और सुरक्षा संबंध दिए। व्यापार, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़े। लेकिन समय के साथ नेपाल में यह धारणा मजबूत होने लगी कि यह संधि बराबरी के आधार पर नहीं बनी थी। नेपाल के कई राजनीतिक दल और बुद्धिजीवी इसे "असमान संधि" बताते रहे हैं। भारत इस संधि को सुरक्षा और रणनीतिक



सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मानता है, जबकि नेपाल इसे अपनी संप्रभुता और स्वतंत्र विदेश नीति से जोड़कर देखता है। यही कारण है कि संधि की पुनर्समीक्षा की मांग समय-समय पर उठती रहती है। भारत और नेपाल के बीच सबसे संवेदनशील मुद्दा सीमा विवाद का है। कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और सुस्ता जैसे क्षेत्रों को लेकर दोनों देशों के दावे अलग-अलग हैं। यह विवाद 2020 में सबसे ज्यादा उभरा, जब भारत ने नया राजनीतिक नक्शा जारी किया। इसके जवाब में नेपाल ने संविधान संशोधन कर नया नक्शा पारित किया, जिसमें कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया। नेपाल में इसे राष्ट्रीय अस्मिता का मुद्दा बना दिया गया। सड़कों पर प्रदर्शन हुए और भारत विरोधी भावना तेज हो गई। भारत इन क्षेत्रों को अपनी रणनीतिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानता है क्योंकि ये चीन सीमा के बेहद करीब स्थित हैं। बालेन शाह का हालिया बयान भी इसी राजनीतिक वातावरण की उपज माना जा रहा है। उन्होंने ब्रिटेन की संभावित भूमिका का जिक्र कर नया विवाद खड़ा कर दिया। भारत हमेशा सीमा विवादों को द्विपक्षीय तरीके से सुलझाने की नीति पर कायम रहा है, इसलिए नेपाल की ओर से तीसरे पक्ष का संकेत नई दिल्ली के लिए असहज करने वाला था। भारत-नेपाल संबंधों को अब चीन के बिना समझना संभव नहीं है। पिछले एक दशक में चीन ने नेपाल में तेजी से अपना प्रभाव बढ़ाया है। सड़क, रेल, हाइड्रोपावर और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में चीन का निवेश लगातार बढ़ रहा है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत नेपाल को चीन एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। वह चीन के साथ आर्थिक और राजनीतिक संबंध बढ़ाकर भारत के प्रभाव को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है। नेपाल की राजनीति में भी चीन की भूमिका पहले से कहीं अधिक सक्रिय दिखाई देती है। भारत के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है। नई दिल्ली हमेशा नेपाल को अपनी उत्तरी सुरक्षा नीति का अहम हिस्सा मानती रही है। खुली सीमा और हिमालयी भूगोल के कारण भारत नहीं चाहता कि कोई बाहरी शक्ति नेपाल में अत्यधिक प्रभाव स्थापित करे। भारत-नेपाल संबंधों में 2015 का वर्ष एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है। नेपाल ने नया संविधान लागू किया, जिसका मधेशी समुदाय ने विरोध किया। मधेश आंदोलन के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर आपूर्ति बाधित हो गई। नेपाल में यह धारणा बनी कि भारत ने "अनौपचारिक नाकेबंदी" की है।

हालांकि भारत ने हमेशा कहा कि यह समस्या सीमा पर चल रहे आंदोलन की वजह से थी, लेकिन नेपाल में भारत विरोधी भावना तेजी से बढ़ी। दूसरी ओर सुरक्षा चुनौतियां भी कम नहीं हैं। खुली सीमा अवसर भी देती है और जोखिम भी पैदा करती है। नकली मुद्रा, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों के लिए सीमा के दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। दोनों देशों के बीच खुफिया सहयोग और सुरक्षा समन्वय लंबे समय से चलता रहा है, लेकिन राजनीतिक अविश्वास कई बार इस सहयोग को प्रभावित करता है। दोनों को यह समझना होगा कि 21वीं सदी की राजनीति केवल ऐतिहासिक निकटता के भरोसे नहीं चल सकती। नेपाल बराबरी और सम्मान चाहता है। भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन इस पूरे समीकरण में अपनी जगह मजबूत करना चाहता है। ऐसे में दोनों देशों को संवाद और विश्वास आधारित संबंधों की नई संरचना विकसित करनी होगी। 1950 की संधि की पुनर्समीक्षा पर खुली बातचीत हो सकती है। सीमा विवादों के समाधान के लिए स्थायी तंत्र बनाया जा सकता है। शिक्षा, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा और युवा सहयोग को नई प्राथमिकता दी जा सकती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विश्व साइकिल दिवस

डॉ. मोनिका शर्मा



# पर्यावरण-स्वास्थ्य संकट के दौर में बढ़ा साइकिल का महत्व

आज विश्व साइकिल दिवस है। हर वर्ष 3 जून को मनाया जाने वाला यह खास दिन साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने वाली जन-जागरूकता लाने से जुड़ा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2018 में पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के साइकिल के इस्तेमाल को रेखांकित करने हेतु यह घोषित किया गया था। वहीं 2022 में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए साइकिलों को सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के एक अभिन्न अंग के तौर पर शामिल किया गया। तकलीफदेह है कि इन्सानों और पर्यावरण, दोनों स्वस्थ रखने वाली साइकिल, सुविधाजनक जीवनशैली की चाह में आम जीवन से दूर हो गई है। जबकि परिवहन के इस सरल, किफायती और स्वच्छ साधन से दूर होना प्रकृति और इंसानी मन-जीवन दोनों पर भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि यह दिन वैश्विक स्तर पर लोगों को दैनिक यात्रा में प्रदूषण घटाने और सक्रिय जीवन शैली के लिए साइकिल का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विचारणीय है कि आज देश और दुनिया में छाये ऊर्जा संकट के बीच साइकिल की सवारी बेहद अहम हो गई है। इतना ही नहीं, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार करने वाली साइकिल बढ़ती व्याधियों के चलते भी उपयोगी हो चली है। साथ ही पर्यावरण के मोर्चे पर दमघोटू होती हवा, ट्रैफिक जाम और पर्यावरण असंतुलन से तापमान और ठंड में असहनीय बढ़ोतरी को देखते हुए साइकिल सवासरी की ओर फिर लौटना आवश्यक है। ध्यातव्य है कि विश्व साइकिल दिवस 2026 का विषय भी 'हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना' है। यह विषय पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और सतत परिवहन को बढ़ावा देने में साइकिल की भूमिका पर केंद्रित है। लाजिमी भी है क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी जीवन का जोखिम बनने वाली समस्याओं का व्यावहारिक समाधान साइकिल का उपयोग करना ही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए लाभकारी साइकिल चलाने को महत्वपूर्ण माना जाता है। डब्लूएचओ शारीरिक गतिविधि बढ़ाने, कैंसर और मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों को कम करने और वायु- ध्वनि प्रदूषण घटाने के लिए साइकिल के उपयोग बढ़ावा देता है। साइकिलिंग को शिक्षा, ऊर्जा, रोजगार, शहरों और असमानताओं सहित कई सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि के सूत्रधार के रूप में मान्यता भी देता है। असल में स्वास्थ्य से जुड़ी चिंतनीय स्थितियों के बीच साइकिल का उपयोग बहुत मददगार साबित हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी किए सर्वेक्षण के अनुसार भारत में मोटापे से ग्रस्त आबादी के आंकड़े बढ़ रहे हैं।वर्ष 2023-24 में 30.7 प्रतिशत महिलाएं और 27.3 प्रतिशत पुरुष मोटापे से ग्रस्त पाए गए हैं।सर्वेक्षण में सामने आया है कि वयस्कों में शरीर का वजन ही नहीं, ब्लड शुगर भी बढ़ रहा है। समझना कठिन नहीं शारीरिक निष्क्रियता इसका अहम कारण है।

परंपरागत जीवनशैली वाले भारतीय समाज में साइकिल बच्चों की प्यारी और पसंदीदा सवारी रही है। बदलती जीवनशैली के चलते बच्चे भी इससे दूर हुए हैं। इसी के चलते कम उम्र में ही मोटापा घेर रहा है। इस मामले में वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस-2026 की रिपोर्ट भी चेताने वाली है। रिपोर्ट में बच्चों में मोटापे के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर चुनौती बना मोटापा बच्चों में डायबिटीज, हृदय रोग और दूसरी जानलेवा व्याधियों का जोखिम बढ़ा रहा है। विचारणीय हैं कि ऊर्जा संकट से निपटने के लिए भी नागरिकों को साइकिल की सवारी को प्राथमिकता देनी चाहिए। साइकिल का उपयोग ऊर्जा संकट का तो सबसे प्रभावी हल है। यह सीधे-सीधे पेट्रोल, डीजल और बिजली पर निर्भरता को कम करता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। पैदल चलने और साइकिल चलाने जैसी गतिविधियां संयुक्त रूप से 2034 तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को लगभग 37 प्रतिशत तक कम करने की क्षमता रखती है। ऐसे में साइकिल का इस्तेमाल वायु गुणवत्ता में सुधार, पर्यावरण संरक्षण और आथिक बेहतरी से भी जुड़ा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार, देश के लगभग 55 प्रतिशत भारतीय घरों में साइकिल मौजूद होने के बावजूद इसके इस्तेमाल के प्रति उदासीनता का भाव है। आवश्यक है कि यह दिन साइकिल रेलियों, दिवस विशेष से जुड़े आयोजनों और जन-जागरूकता अभियानों तक ही ना सिमटे। आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य और प्रकृति की बेहतरी से जुड़ी साइकिल की सवारी को आम जीवन में जगह दें।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
**दर्शन**

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

## संस्कार क्या है?



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्व में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछा- मां मैं बहुत बलवान हूं, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोली- बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और मां से बोला- मां मैं इसका बदला लूंगा। मां ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाए, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्व पर ले गया। युद्व लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया। इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछा- मां आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्व के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोली- बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी मां का ही तो अंश है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं

एक समय था जब टीबी यानी क्षय रोग का नाम सुनते ही मरीज और उसके परिवार में डर का माहौल बन जाता था। लोगों को लगता था कि यह बीमारी जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगी और इसका इलाज संभव नहीं है। जानकारी की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अनेक मरीज समय पर उपचार नहीं ले पाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज टीबी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है और लाखों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि अब टीबी को लाइलाज बीमारी नहीं माना जाता, बल्कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### 'वंदे भारत' ट्रेन



आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का प्रतीक बन चुकी स्वदेशी 'वंदे भारत' ट्रेन, जो सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, देश के विकास की एक जीवंत तस्वीर पेश करती है।
**-जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### अग्निवीर योजना



केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सेना में अग्निवीर योजना लागू किए जाने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हो गए हैं। अग्निवीर योजना के कारण कई युवाओं के सपने और आकांक्षाएं आहत हुई हैं, जिससे उनमें निराशा का माहौल पैदा हो गया है।
**-सुखविंदर सिंह सुक्खू,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### कानून-व्यवस्था का पतन



पश्चिमी उत्तर प्रदेश से एशियाई खेलों के लिए चयनित पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या, सूर्य चौहान और एक दूध व्यापारी की हत्या उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के पतन का प्रतीक है।
**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

### झारखंड शराब घोटाला



झारखंड शराब घोटाला महज भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण में चलाया जा रहा एक संगठित आर्थिक अपराध है। शराब माफियाओं और सत्ता में बैठे लोगों के करीबी लोगों की मिलीभगत से जनता की कमाई को खुलेआम लूटा गया।
**-बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर


# अफगान में महिला शिक्षाविदों का भविष्य अंधकारमय

कल्पना कीजिए कि आपने अपना करियर बनाने में दशकों लगा दिए हैं। आपके पास मास्टर डिग्री है। आपने सैकड़ों विद्यार्थियों को पढ़ाया है। आप हर सुबह उद्देश्य और उत्साह के साथ अपने कार्यस्थल पहुंचती हैं। फिर रातोंरात आपके लिए संस्थान के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। आपको बता दिया जाता है कि अब आप वापस नहीं आ सकतीं। ऐसा किसी गलती की वजह से नहीं हुआ, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि आप एक महिला हैं। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद पूरे अफगानिस्तान में महिला शिक्षाविदों के साथ यही हुआ। हमने 12 अफगान महिला शिक्षाविदों से बातचीत की। इनमें से आठ उस समय अफगानिस्तान में थीं, जबकि चार हाल ही में देश छोड़ चुकी थीं। जो महिलाएं अफगानिस्तान में थीं, उनमें से केवल एक ही बाद में देश छोड़ने में सफल हुई। बाकी सभी अब भी वहीं हैं। उन्होंने जो कुछ हमें बताया, वह बेहद पीड़ादायक था। जब तालिबान ने 1996 से 2001 के बीच पहली बार अफगानिस्तान पर शासन किया था, तब महिलाओं को शिक्षा और कई प्रकार के रोजगार से वंचित कर दिया गया था। अमेरिका के नेतृत्व वाले हस्तक्षेप के बाद स्थिति धीरे-धीरे सुधरी।



## ऑफ बीट

# लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव



अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं। लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची- लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।







# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।

# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मजेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही



पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है। लेकिन, जब प्यार दोस्ती बन जाता है और दोस्ती में प्यार का रंग मिल जाता है, तो इससे बाहर निकलने का एक ही उपाय है। इसके बाद ट्रेलर में दिखती है, तीन दोस्तों की कहानी। जो साथ में घूमते हैं, मस्ती करते हैं और मजे करते हैं। लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब दोस्ती में प्यार की एंट्री होती है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम...



*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*

## फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

## क्या है बूंग की कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

## फिल्म में नजर आए ये कलाकार

फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगंगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

## बाप्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियन: अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियन: अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है।







Terms & Conditions apply. *Loan approval is at the sole discretion of the financier and may require additional documentation. *Interest rate, loan amount, down payment, tenure, and EMI are subject to the applicant's credit profile. *Certain scheme benefits cannot be combined. *Offers/features may be modified or withdrawn without prior notice. *All offers valid till 30th June 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000–₹10000) on all HMSI models. #Applicable on HDFC Bank Credit Card EMI transactions (Minimum Transaction: ₹20000; Tenure: 6 to 24 months). #Valid only on transactions processed through Pine Labs machines. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Instant Cashback offer valid till 30th June 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Chhattisgarh. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; AARANG: V Shree Honda - 9993908971; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHATGAON: Kiran Honda 9753264986; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9425560030; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; Tanay Honda (Jamul) - 9201837830; Umang Honda (Kumhari) - 8817327307; FINGESHWAR: Bangani Honda - 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto - 9575569608; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000; GURUR: Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 8435090005; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; KANKER: Shivnath Honda - 7970005301; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; NARAYANPUR: Shri Ji Honda - 9406341563; SUKMA: Akash Honda - 9424287457; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; LAWAN: Kiran Honda 8889415022; SANDI: Kiran Honda 9039006981; LIMTARA: Mahalaxmi Honda - 7047015877; SARSIWA: Pratham Honda - 8770799808; SIMGA: Shiv Honda - 8319973368; SUHELA: Rajju Honda - 8819986810; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000; NAGRI: Nahta Honda - 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PALARI: Shri Ram Honda - 9669537645; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932; PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

पर्यटन
डा.डी.पी.देशमुख

# भेड़ाघाट के रूप में प्रसिद्ध रकसगंडा जलप्रपात



रकसगंडा वॉटरफॉल की खासियत इसके आसपास की अद्भुत भू-आकृति है। यहां विभिन्न संरचनाओं में फैले विशाल पत्थरों का समूह देखने लायक है। इन पत्थरों के बीच से बहती रेण नदी की धारा ऐसा प्रतीत कराती है मानो प्रकृति ने खुद इसे अपनी कलाकारी से सजाया हो। ठंड के मौसम में यह स्थान और भी आकर्षक हो जाता है, जब यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पिकनिक मनाने और प्रकृति के करीब समय बिताने पहुंचते हैं।

सुरजपुर जिला के रेन नदी या रिहन्द नदी में स्थित बेहद खूबसूरत और प्राकृतिक पर्यटन स्थल है-रकसगंडा जलप्रपात। यह रंग-बिरंगे जलधारा के लिए प्रसिद्ध है इस कारण से इसे सुरजपुर का भेड़ाघाट भी कहा जाता है। यह जलप्रपात सुरजपुर से लगभग 120 कि मी, वाड्रफनगर से 60 कि मी की दूरी पर बलंगी के पास ओड़गी विकासखंड में घने जंगलों के बीच स्थित है जिसे रोमांचक पिकनिक के लिए बेहतरीन स्थल माना जाता है। जलप्रपात तीन पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जलधारा लगभग 100 फिट ऊंची चट्टानों से गिरकर नीचे कुंड का निर्माण करता है, यहां से लगभग 100 मीटर लंबी प्राकृतिक सुरंग का मनोरम दृश्य देखने को मिलता है। ऊंची चट्टानों से गिरते हुए पानी के फुहारों से मन रोमांचित हो जाता है। इस क्षेत्र का यह महत्वपूर्ण पिकनिक स्थल है जहां प्रतिवर्ष नए साल के समय अत्यधिक भीड़ होती है।



संस्कृति
टिकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '


## बर बिहाव म रुखराई



बिहाव बेरा घर म निंगते भार अंगना म छवाय नान नान हरियर डारा के छइहा ले बड़ सुकून मिलथे। इहि मंडप यानि मड़वा आय। ए मंडप चिरई जाम, डुमर या नीम के डारा होथे। एकर छइहा ले ठंडक महसूस होथे। छवाय डारा ले झांकत सुरुजदेव के किरण बड़ आनंददायक लगथे। बीच अंगना म गड़े रथे दू ठन बांस के मड़वा। ए नेगहा मड़वा आय। नेग के बेरा दूल्हा दुल्हिन के माथ म बंधाय मउर छिंद पेड़ के पाना ले बने होथे। दुल्हिन घर पहुंचे बरात ल परघा के लेगे के बाद मड़वा छुववनी नेग म भरवाकाड़ी के उपयोग होथे। मंडप के दूनो ओधा म ओधा के एक एक फुट के दूल्हा दुल्हिन के प्रतीकात्मक पूतरा रखे जाथे, जेला मंगरोहन कहे जाथे। मंडप मे ही दूल्हा दुल्हिन के नेग जोग के बेरा बईठे बर दू ठन नान नान पिल्ली घलो रखे जाथे। ए दूनो जिनिस खासकर डुमर या चिरईजाम के बनाय जाथे। मंडप अउ घर के मुहाटी म आमा पान के तोरन बड़ा सुन्दर लागथे।

लोक साहित्य
उर्मिला शुक्ल

## छत्तीसगढ़ी कथा साहित्य अउ सांस्कृतिक अस्मिता



संस्कृति समाज के अस्मिता होथे, ओखर ले समाज के अपन अलग पहिचान होथे। जिंहा तलक छत्तीसगढ़ी संस्कृति अउ समाज के बात हे, त ए संस्कृति अउ समाज एकसरिया नोहय। ऐमा कतको संस्कृति अउ समाज गुथाय हे। एमा एक कोती छत्तीसगढ़ के आदिवासी संस्कृति हे, जेखर अपन अलगे पहचान हे। त दूसर कोती इंहा चातर राज के संस्कृति हे, जिंकर अपन अलगे पहचान है। ऐमा इंद्रावती, गोदावरी, महानदी, पैरी, शिवनाथ., खारून, ईब, हसदेव, जोंक अउ अरपा के धार हे, त बैलाडीला, सिहावा अउ मेकन असन पहार घलो हे। ए छत्तीसगढ़ी संस्कृति कोन्हो आज के उपजे नोहे, ए हर पुरातन काल ले ले के, महाभारत काल ले जूरे संस्कृति आय। संस्कृति कोनो एक ठन जिनिस के नाव नोहय। वोहा मनखे के रग रग म बोहाथे। मनखे के बोली बानी, रीत नित, तिहार बार, गीत गान ए जम्मो मिलके संस्कृति बनाथे अउ वोखर पहिचान बनथे। अउ इही मनखे मन के संस्कृति -साहित्य के आधार बनथे, संस्कृति अउ साहित्य एक दूसर के पूरक बन जाथे।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

पुरातात्विक
ललित शर्मा

# सिरपुर में अब केवल व्यापार विहार के अवशेष

छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर के स्थल सिरपुर में व्यापार विहार के अवशेष ही मिलते हैं। इस क्षेत्र में प्रवेश करने पर बरगद वृक्ष के दाई ओर बौद्ध विहार के अवशेष मिलते हैं। इसके समीप ही त्रिदेव मंदिर भी उत्खनन में प्राप्त हुआ है। एक ही अधिठान अधिष्ठान पर तीन गर्भगृह होने के कारण इसे त्रिदेव मंदिर कहा जाता है।

उत्खनन में प्राप्त विशाल व्यापार क्षेत्र को ढाई हजार वर्ष पूर्व योजनाबद्ध रूप से बसाने वाले वास्तुकारों के उत्कृष्ट कौशल को प्रदर्शित करता है। बाजार के मध्य मुख्य मार्ग पर चलते हैं तो तो सारा बाजार जीवंत सा प्रतीत होता है। दुकानों के बरामदे, फिर दुकान और उसके पीछे अनाज रखने की भूमिगत कोठियां पाई गई हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि उस काल में वस्तु विनिमय होता था। लोग अपने अनाज लेकर आते थे और बदले में अपने काम की वस्तु खरीद कर ले जाते थे। बाजार क्षेत्र में तीन कुएं प्राप्त हुए हैं, जिससे पेय जल की व्यवस्था होती थी। चूना पत्थर से निर्मित कुएं वर्तमान में सुरक्षित हैं। इस क्षेत्र में खुदाई के दौरान एक भवन से धातु की लगभग 79 प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। प्रतिमाओं को देखने से पता चलता है कि धातु शिल्पकला उच्च कोटि की थी। यहां छोटी छोटी नाव के खिलौने भी मिले हैं जिससे पता चलता है कि उस काल में किस तरह नाव का प्रचलन था, क्योंकि जलमार्ग ही आवागमन का मुख्य साधन था।



आस्था: डा महेश श्रीवास्तव

# भक्तों की मनोकामना पूरी होती है बूढ़ीमाता मंदिर में



छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में देवियों की अनेक मान्यताओं वाले मंदिर भक्तों के आस्था के स्थल होते हैं। इसी क्रम में बगीचा विकास खंड के भीतघरा ग्राम के पास पीरईधाम में बूढ़ी माता का मंदिर है। सप्ताह में एक दिन गुरुवार को इनकी पूजा धूप, अगरबत्ती जलाकर विधि विधान से की जाती है। इस पूजा पाठ में सम्मिलित होने बिरहोर जनजाति के लोग दूर दूर से यहां आते हैं। बीमारी और दर्द से निजात पाने के लिए बूढ़ीमाता को चढ़ाई गई अगरबत्ती का भभूत ( राख ) का उपयोग किया जाता है इसके तहत थोड़ी भभूत इनके द्वारा प्रसाद के रूप में ग्रहण की जाती है और शेष को शरीर में लगाया जाता है। यदि किसी पीड़ति व्यक्ति की पीड़ा दूर हो जाती है तो वे इस मंदिर में बलि देने मंदिर में आते हैं। माता की प्रसिद्धि दूर दूर तक फैली है जिसके कारण भक्तों की भीड़ वर्ष भर मंदिर में होती है।



गांव की कहानी
विजय शर्मा

# अनेक उपलब्धियां समाहित हैं महादेवा कसेकेरा गांव में




सुअरमारगढ़ क्षेत्र में महादेवा कसेकेरा एक प्राचीन ग्राम है। यहां एक कि मी दूरी तक गुप्तकालीन प्राचीन अवशेष बिखरे पड़े हैं। लोक मान्यता है कि वृन्दावन के पिरवर बंशीय राजा कसेरु सिंह ने इस गांव को बसाया, इस कारण गांव का नाम कसेकेरा पड़ा। दूसरी मान्यता के अनुसार यहां केले की खूब खेती होती थी। कसेकेरा से भलेसर तक सुरंग की बात बताई जाती है। कालांतर में गांव ने काफी विकास किया है। वर्तमान में स्कूल, ग्राम पंचायत मुख्यालय, पटवारी, ग्राम सहायक, बैंक और पोस्ट आफिस की सुविधा यहां उपलब्ध हो गई है। बागवानी, क़ृषि कार्य, अखाड़ा, व्यायाम, संगीत आदि की शिक्षा यहां दी जाती है। पूरा क्षेत्र नदियों एवं घने जंगलों तथा पहाड़यिों से घिरा होने के कारण आश्रमो की याद दिलाता है।

ऐतिहासिक : डा. देवी प्रसाद वर्मा

# शरभपुरीय नरेश के उत्तराधिकारियों में महासुदेवराज

**महासुदेवराज ने लगभग दस वर्ष राज्य किया। महासुदेवराज के बाद उसका उत्तराधिकारी प्रवरराज हुआ जो कि मानमात्र दुर्ग राज का पुत्र और महासुदेवराज का अनुज था। महाप्रवरराज का छोटा भाई व्याघ्रराज महासुदेवराज के साथ पूर्व राष्ट्र में अपनी सत्ता को संरक्षित करने के लिए संघर्षरत था।**

मानमात्र के बाद उसका पुत्र महासुदेवराज उत्तराधिकारी हुआ। अपने राज्य के पश्चिमी सीमावर्ती प्रांतों के विद्रोह को दबाने और अपनी स्थिति को निरापद रखने के लिए महासुदेवराज ने श्रीपुर को अपनी दूसरी राजधानी बनाई, क्योकि महासामंत इंद्रबल राज पश्चिम में अपनी शक्ति बढ़ा रहा था। इंद्रबल राज के दो पुत्र ईशानदेव और नन्न राज स्वतंत्र शासक बन चुके थे। उन्हें दबाने में पहले प्रवर राज सफल रहा परन्तु बाद में उसे पराजित होना पड़ा। महासुदेवराज ने लगभग दस वर्ष राज्य किया। महासुदेवराज के बाद उसका उत्तराधिकारी प्रवरराज हुआ जो कि मानमात्र दुर्ग राज का पुत्र और महासुदेवराज का अनुज था। महाप्रवरराज का छोटा भाई व्याघ्रराज महासुदेवराज के साथ पूर्व राष्ट्र में अपनी सत्ता को संरक्षित करने के लिए संघर्षरत था। महाप्रवरराज के समय में व्याघ्रराज ने पूर्व राष्ट्र में अपनी सत्ता स्थापित कर ली थी और बड़ा भाई महाप्रवरराज पश्चिम में विद्रोह दबाने में नन्नराज और ईशानदेव के साथ घमासान युद्ध में रत था, पर वह उन पर विजय प्राप्त नहीं कर सका। इसी अवसर का लाभ उठाकर नन्नराज के पुत्र तीतरदेव ने उस पर आक्रमण कर सम्पूर्ण दक्षिण कोसल पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया।





# 18 पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने अंतागढ़ स्टेट हाईवे किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोयलीबेड़ा

वर्षों से उपेक्षा और अनदेखी का दंश झेल रहे क्षेत्र के ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। 18 ग्राम पंचायतों के 68 गांवों से पहुंचे हजारों महिला-पुरुष और युवाओं ने मंगलवार को अंतागढ़ के इमलीपदर चौक और कुहुंचे चौक में स्टेट हाईवे जाम करते हुए चक्काजाम कर दिया। आंदोलनकारियों ने सांसद और विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए क्षेत्र की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किए जाने पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में ग्रामीण शांतिपूर्ण धरने पर बैठे हुए हैं। उनकी प्रमुख मांगों में ब्लॉक मुख्यालय से जुड़े कार्यालयों को कोयलीबेड़ा में संचालित करना तथा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले 15 से 20 वर्षों से इन मांगों को लेकर शासन और प्रशासन के समक्ष गुहार लगाते आ रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि आंदोलन के दौरान प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। अधिकारियों द्वारा बार-बार समय मांगने और अस्पष्ट जवाब दिए जाने से लोगों का आक्रोश बढ़ता गया। इसी के चलते आंदोलनकारियों ने ब्लॉक मुख्यालय से निकलकर अंतागढ़ स्टेट हाईवे को जाम करने का निर्णय लिया। हाईवे पर चक्काजाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात कई घंटों तक प्रभावित रहा। आंदोलन में शामिल ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करता तो उन्हें सड़क पर उतरने की नौबत नहीं आती।

- 15-20 वर्षों से लंबित मांगों पर नहीं मिला ठोस जवाब, प्रशासन की अनदेखी से आंदोलन हुआ उग्र



## पांचवें दिन टूटा धैर्य, किया चक्काजाम

ग्रामीणों ने बताया कि पांचवें दिन पुनः प्रशासन की ओर से वार्ता का प्रयास किया गया, लेकिन पुराने आश्वासनों और समय मांगने की बात दोहराए जाने पर लोगों का धैर्य टूट गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर ही अंतागढ़ स्टेट हाईवे जाम करने संबंधी आवेदन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंप दिया और आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी।

# धर्मांतरित महिला की मौत के बाद गांव में विवाद

**कोंटा।** ग्राम पंचायत एर्राबोर के आश्रित ग्राम बर्रेमोगा में धर्मान्तरित महिला सोयम दुले पति नागेश की मृत्यु आंध्रप्रदेश के लक्ष्मीपुरम के चर्च में होने के बाद उसे बर्रेमोगा लाकर अंतिम संस्कार को लेकर ग्राम वासियों एवं धर्मान्तरित लोगों के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार कोंटा एवं एर्राबोर तथा दोरनापाल थाना प्रभारी को मौके पर पहुंचना पड़ा। प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक प्रतिनिधि व गांव के मुखिया ने दोनों पक्ष के लोगों को करीब तीन चार घंटे तक समझाया। जिसमें अनुसूचित क्षेत्र में लागू पेसा कानून एवं अनेक संवैधानिक अधिकारों को बताते हुए मामले को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाया गया। मृतका सोयम दुले के पति सोयम नागेश ने स्वीकार किया कि पत्नि का दाह संस्कार आदिवासी परंपरा के आधार पर ही करूंगा। इस प्रकार पूरे गांव के लोगों ने एकता की मिसाल पेश किया और समस्त ग्रामवासी लकड़ी इकठ्ठा कर मृतका का आदिवासी परम्परा से दाह संस्कार किया। सम्पूर्ण कार्रवाई दोरला समाज के संभागीय संरक्षक कट्टम सीताराम, जिला पंचायत अध्यक्षा सोयम मांगम्मा दोरला समाज के ब्लॉक अध्यक्ष आस मुकेश एर्राबोर के सरपंच जन जाति सुरक्षा मंच के स्थानीय संरक्षक सोयम लच्छा, पुजारी सोयम एंका, पटेल सोयम रामा एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुई।



# कलेक्टोरेट में आत्मदाह का प्रयास, मची अफरातफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में उस समय अफरातफरी मच गई तब एक युवक ने खुद पर केरोसिन डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ा और बड़ी अनहोनी को रोका।

परिवार सहित इच्छामृत्यु की अनुमति को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे युवक रोहित सोनी पिता पवनकुमार सोनी ने बताया कि वह साईंबाबा मंदिर के पास पोस्ट आफिस वार्ड का निवासी है। इतवारी बाजार उपस्वास्थ्य केंद्र के पीछे बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर के बगल में उसका घर है जहां 60 वर्षों से उसका परिवार निवासरत है। कुछ दिन पहले मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने उनके घर आने-जाने के रास्ते को खोदकर बंद कर दिया है।



## सुरक्षाकर्मियों ने दिखाई तत्परता

कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार पर सैनिक अश्वनी टंडन एवं नारद साहू तैनात थे। इसी दौरान युवक रोहित सोनी अपने परिजनों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे। मुख्य द्वार के पास रोहित ने बैग में छिपाकर लाए पीले रंग के पालीथिन में भरे केरोसिन को निकाला और सिर में उड़ेल दिया। यह दृश्य देख नारद साहू और अश्वनी टंडन ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया। उसके हाथ से माचिस छीनी और उसे कलेक्टोरेट के अंदर वाशरूम में ले जाकर नहलाया।


बिहार सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग

बिहार सरकार

## बिहार राज्य में अन्य राज्यों से प्रवेश करने वाले लघु खनिज लदे वाहनों के मालिक/चालक के लिये महत्वपूर्ण सूचना

**अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर बिहार राज्य में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों के लिए दिनांक- 10.06.2026 से इंटर स्टेट ट्रांज़िट पास (ISTP) अनिवार्य किया गया है**

ISTP हेतु निर्धारित दरें

**₹60 प्रति मीट्रिक टन**
(परिवहन चालान पर खनिज की मात्रा वजन में अंकित रहने पर)

**₹85 प्रति घनमीटर**
(परिवहन चालान पर खनिज की मात्रा आयतन में अंकित रहने पर)



- सभी वाहनों का ISTP पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
- अपने वाहन का तत्काल पंजीकरण https://istp.bihar.gov.in पर करायें।
- पंजीकरण करने पर बने Login Id/ Password का उपयोग कर Login करें।
- अन्य राज्यों से आने वाले खनिज के स्त्रोत से परिवहन चालान निर्गत होने के 6 घंटे के अन्दर वाहन पर लदे खनिज की मात्रा के अनुरूप ट्रांजिट पास लेना अनिवार्य है।
- ट्रांजिट पास के लिए ऑनलाईन भुगतान पोर्टल के माध्यम से ही किया जायेगा।
- ISTP चालान की वैधता खनिज परिवहन चालान की वैधता के अनुरूप होगा।
- खनिज परिवहन के दौरान ट्रांजिट पास के साथ-साथ अन्य राज्यों से निर्गत वैध खनिज परिवहन चालान रखना अनिवार्य है।
- खनिज परिवहन के दौरान दोनो चालान (ट्रांजिट पास एवं वैध खनिज परिवहन चालान) रखा जाना अनिवार्य है। जाँच के क्रम में उक्त दोनों चालान में से कोई भी एक चालान नहीं पाये जाने पर बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 यथा संशोधित 2026 के अन्तर्गत दंड अधिरोपित किया जायेगा।
- अवैध खनिज परिवहन के लिए जब्त वाहन जुर्माना भुगतान के पश्चात् ही विमुक्त हो सकेगा।
- बिहार सरकार द्वारा जारी सभी नियमों का पालन करें एवं वैध खनिज परिवहन सुनिश्चित करें।

PR No.- 004888 (Mines)D. 2026-27

वैध खनन • पारदर्शी प्रणाली • सशक्त बिहार



## INDIAN NAVY
## COMBAT READY COHESIVE AATMANIRBHAR

INDIAN NAVY



## THE INDIAN NAVY 10+2 (B.TECH) CADET ENTRY SCHEME (PERMANENT COMMISSION)
## COURSE COMMENCING – JAN 2027

Scan this QR Code to Apply Online

Applications are invited from unmarried men and women candidates (fulfilling the conditions of nationality as laid down by the Govt. of India) for becoming Permanent Commissioned Officers in Technical branches under 10+2 B Tech Cadet Entry Scheme after undergoing four year B Tech course at the prestigious Indian Naval Academy, Ezhimala

DATE OF OPENING – 29 May 2026 | LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION – 18 Jun 2026

Vacancies & Age: The age eligibility & vacancies for the course are as under:-

| Branch | Vacancy | Gender | Age |
|---|---|---|---|
| Electronics & Communication Engineering | 30 | Men & Women (Maximum of 08 Vacancies for women, 04 each for Mechanical Engg and Electronics & Communication Engg) | Born between 02 Jul 2007 and 01 Jan 2010 (both dates inclusive) |
| Mechanical Engineering | 30 | | |

Educational Qualification. Passed Senior Secondary Examination (10+2 Pattern) or its equivalent examination from any recognised Board with at least 70% aggregate marks in Physics, Chemistry and Mathematics (PCM) and at least 50% marks in English (either in Class X or Class XII).









CBC 10701/13/0008/2627

For eligibility criteria and details visit www.joinindiannavy.gov.in

**Safeguarding Seas for a Viksit Samriddha Bharat**

## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन ( मण्डी ) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन - 0771-2990593,
email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/ कुम्हारी फल सब्जी मंडी/451-01/26-27/1448 — रायपुर, दिनांक 29/05/2026

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग जिला दुर्ग अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र 'एफ' में अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि:- 24.06.2026, फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि:- 07.07.2026**

| क्र. | कार्य का नाम/स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | थोक फल सब्जी उपमंडी कुम्हारी में 50 हजार लीटर उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण। | 22.66 | लम सम कॉन्ट्रेक्ट |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/- सचिव, कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला दुर्ग
सही/- भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला दुर्ग

S-48003/1

## नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लाक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)-402002
कार्यालय फोनः 0771-2512500, फैक्स 0771-2512400,
ई-मेल ceo.nranvp@cg.gov.in

क्र.4083/6(2)/60A/संपदा/न.श.अ.न.वि.प्रा./2026 — नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक- 27/05/2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

नवा रायपुर अटल नगर में लाइसेंस पर आबंटन हेतु निम्नांकित स्थानों पर निर्मित किये गये दुकान/चबूतरा / हॉल का आबंटन हेतु पृथक-पृथक निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैः-

| विवरण | स्थान | कुल संख्या | आरक्षण विवरण (दुकान/चबूतरा/हॉल क्रमांक) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ.जा./ अ.ज.जा. | अ.पि. वर्ग | महिला/विधवा /परित्यक्ता प. | दिव्यांग |
| दुकान | 1) सेक्टर-19ः राखी, एमिनिटीज ब्लाक | 01 | डी-4 (मेडिकल हेतु) | - | - | - | - |
| | 2) सेक्टर-25ः ग्राम-राखी वाणिज्यिक परिसर | 19 | 8, 16, 22, 23, 24, 29, 31, 32, 34, 35 | 4, 37, 40, 41 | 17, 30, 36 | 25 | 10 |
| | 3) सेक्टर-24ः झांझ सेन्ट्रर पार्क के पास | 1 | 02 | - | - | - | - |
| | 4) सेक्टर-28ः ग्राम-नवागांव (खपरी) | 1 | 32 | - | - | - | - |
| चबूतरा | 1) सेक्टर-28ः ग्राम-नवागांव (खपरी) | 05 | 64, 76, 120 | 108, 111 | - | - | - |
| हॉल | 1) सेक्टर-25ः ग्राम-राखी वाणिज्यिक परिसर | 3 | 1, 3, 4 | - | - | - | - |

सेक्टर-19, राखी एमिनिटीज ब्लाक दुकान क्रमांक डी-4, आरक्षित मासिक लाइसेंस शुल्क रु. 80.00 प्रति वर्गफीट, सेक्टर-24 झांझ सेन्ट्रर पार्क के पास दुकान क्रमांक 02. आरक्षित मासिक लाइसेंस शुल्क रु. 67.00 प्रति वर्गफीट, सेक्टर-28, ग्राम नवागांव (खपरी), दुकान क्रमांक-32 आरक्षित मासिक लाइसेंस शुल्क रु. 67.00 प्रति वर्गफीट, शेष दुकानों के लिए आरक्षित मासिक लाइसेंस शुल्क रू. 22.00 प्रति वर्गफीट, चबूतरा एवं हॉल के लिए आरक्षित मासिक लाइसेंस शुल्क रु. 9.00/- प्रति वर्गफीट है, जिससे अधिक दर की निविदा प्रस्तावत पर ही विचार किया जायेगा। (दुकान/चबूतरा / हॉल प्रारंभ में 3 वर्ष के लिए लाइसेंस पर आबंटित की जावेगी। लाइसेंसधारी द्वारा लाइसेंस शुल्क, जीएसटी एवं अन्य शुल्क का समयावधि में भुगतान करने एवं अन्य शर्तों का पालन करने की स्थिति में लाइसेंस अवधि प्रत्येक 3 वर्ष में लायसेंस फीस में 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3+3 वर्षों की दो अतिरिक्त कालावधियों के लिये बढ़ायी जा सकेगी।) निविदा प्रपत्र में दुकान / चबूतरा / हॉल का आकार, आबंटन की शर्ते एवं अन्य विवरण संलग्न है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट https://navaraipuratalnagar.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर, रू. 590/- का बैंक ड्राफ्ट, जो मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को देय होगा, निविदा के साथ संलग्न किया जाकर बंद लिफाफे में निर्धारित अंतिम तिथि तक जमा किया जा सकता है। निविदा दिनांक 23/06/2026 के अपरान्ह 3.00 बजे तक जमा की जा सकती है। निविदा शर्तों में संशोधन केवल प्राधिकरण वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जावेगी।

(मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय द्वारा अनुमोदित)

प्रबंधक (संपदा)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.)

S-47998/2


**नमक्कल (तमिलनाडु)। नमक्कल के कुमारपलायम में अलग-अलग घटनाओं में तीन वर्षीय एक बच्ची सहित दो नाबालिग लड़कियों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया, जिसके बाद पीड़िताओं के परिजनों और अन्य लोगों ने पुलिस थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया।


## CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX CIN-U40108CT2003SGC015820
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website: www.cspc.co.in E-Mail- ce.eht@cspc.co.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574028 Fax No.2574222

ED/Line/Works/EE-I/TR-1157/497 — Raipur, Date:29.05.2026

**NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)**

Online bids are invited for following EHV work on labour contract basis as detailed here under:

| TR No | Name of work | EMD (Rs) | Cost of tender form (Rs) (Incl. GST) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|
| TR-1157 RFX No.- 8100051910 | Modification of 132 KV Kharmora (Korba) – Champa line between location No. 62 - 69 (RL- 2.802 KM) on request of M/s Korba Power Limited | 100900/- | 5,000/- | 24.06.2026 |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site: https://cspc.co.in/csptcl_tendernotices (OR) https://www.cspc.co.in> ebidding > ebidding web portal (OR) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
CSPTCL, Raipur

## कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला-बालोद (छ.ग.)

**// तृतीय निविदा सूचना//**

क्रमांक /आब./निविदा/2026/1329

बालोद, दिनांक 01/06/2026

सर्वसाधारण की विशेष जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि शासन के निर्देशानुसार गुण्डरदेही नगर पंचायत क्षेत्र में देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान गुण्डरदेही के लिए स्थल / भवन उपयुक्त स्थल पर किराये पर लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इक्छुक निविदाकार, निविदा शर्तों के अधीन तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के बंद लिफाफे, एक बड़े लिफाफे में रख कर बंद लिफाफा दिनांक 11.06.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक सी.एस. एम.सी.एल. जिला-बालोद में जमा कर सकेगें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी निविदा उसी दिन सायं 04:00 बजें निविदा मूल्यांकन हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जावेगा।

निविदा के नियम / शर्तों की जानकारी एवं निविदा प्रपत्र, जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-बालोद के पक्ष में देय राशि रू 1180/- (अक्षरी एक हजार एक सौ अस्सी रू.) (जी.एस.टी.सहित) का बैंक ड्राफ्ट (किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी) जमा कर कार्यालयीन कार्यदिवस में कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-बालोद से प्राप्त किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदया द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-बालोद (छ.ग.)

G-262701132/3


आज से भारत यात्रा पर राष्ट्रपति रोड्रिगेज

# वेनेजुएला से होगा तेल खरीद का बड़ा समझौता

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गुरुवार को होगी द्विपक्षीय बैठक, निकलेंगेकई अहम निष्कर्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध की वजह से तेजी से गहराते ऊर्जा संकट के मध्य भारत और वेनेजुएला के बीच जल्द ही कच्चे तेल की खरीद को लेकर कोई बड़ा समझौता किया जा सकता है। जिसके पीछे की बड़ी वजह बुधवार, 3 जून से शुरू हो रही वेनेजुएला की मौजूदा कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की पांच दिवसीय भारत यात्रा है। 4 जून को वेनेजुएला की राष्ट्रपति की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी पहलुओं जैसे ऊर्जा, व्यापार-निवेश, फार्मास्युटिकल्स, हेल्थकेयर, यातायात और नवीकरणीय ऊर्जा के मामले पर चर्चा की जाएगी। साथ ही आपसी साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नए उपायों की तलाश को लेकर भी दोनों शीर्ष नेता आपस में विचार-विमर्श करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति 3 से 7 जून तक भारत की यात्रा पर रहेंगी।

### पहले आईबीसीए में करनी थी भागीदारी

पूर्व में वेनेजुएला की राष्ट्रपति को 1 जून को नई दिल्ली की मेजबानी होने वाले वैश्विक सम्मेलन 'अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस' (आईबीसीए) में भागीदारी करनी थी। लेकिन अफ्रीका में फैली इबोला वायरस की चुनौती की वजह से यह सम्मेलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। जिसे देखते हुए अब राष्ट्रपति रोड्रिगेज की यह यात्रा 3 जून से हो रही है।

### ऊर्जा साझेदारी को मजबूत बनाना चाहता है भारत

यहां बता दें कि राष्ट्रपति रोड्रिगेज की नई दिल्ली की यह यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब अमेरिका द्वारा बीते वक्त में किए गए वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के जबरन सैन्य अपहरण के बाद वहां एक प्रकार से राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर ऊर्जा निर्यात को लेकर भी कुछ सख्ती की है। लेकिन इन तमाम परिस्थितियों के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि भारत आज से नहीं बल्कि बीते कुछ वर्षों से वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद कर रहा है। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल कंपनियों (डीपीएसयू) ने वेनेजुएला में निवेश भी किया है। ऐसे में राष्ट्रपति रोड्रिगेज की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच ऊर्जा और इस क्षेत्र में निवेश को और अधिक गहराई प्रदान करने में मदद मिलेगी। ऊर्जा निवेश को लेकर वेनेजुएला के लिए भारत एक बड़ा भागीदार देश है। हम भी वेनेजुएला के साथ अपनी ऊर्जा साझेदारी को मजबूत बनाए जाने के पक्ष में हैं।


## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/ gmsp.jbvnl@rediffmail.com

**CANCELLATION NOTICE**

Due to some unavoidable circumstances NIT No. **12/PR/JBVNL/2026-27** is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
DGM (Purchase)
JBVNL

PR No. 377096
PR 381345 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D


## वाल्मीकि घोटाला 30 पर चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। सीबीआई ने कर्नाटक के बहुचर्चित कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड धन गबन मामले की जांच पूरी कर ली है और 2 जून को सक्षम अदालत में तीन अलग-अलग आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल कर दिए हैं। इस मामले में तत्कालीन जनजातीय कल्याण मंत्री , उनके करीबी सहयोगी सहित कुल 30 लोगों को आरोपी बनाया गया है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

एजुकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| **Paramedical Course** | **Duration** |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech, Ortho tech | 1 Year |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass, M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass, Paramedical Course - 12th pass (Bio), Pharmacy - 12th pass, Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

### Appointment आवश्यकता

**टीचर**

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल अश्वनीनगर एवं सत्तीबाजार- लेडी प्रिंसीपल, क्लर्क महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर , अंग्रेजी माध्यम में- नर्सरी से पीपी.2, 6वीं से 10वीं सभी विषय, पहली से पांचवीं- पर्यावारण, 5वीं से 8वीं कम्प्यूटर, 11वी-12वी भौतिक, बायो, रसायन, अर्थशास्त्र, बी.एस.टी., एकाउंट, हिंदी शिक्षिकाओं, ड्राईवर, आयाबाई, चपरासी। **साक्षात्कार 04.06.2026, प्रातः 10बजे अश्वनीनगरः 0771-2241548.** (आरो-081)

Wanted- Teachers Required for Nursery to 12th (English Medium)- All Subjects. Streams for Classes 11th & 12th: Maths, Biology, Commerce, Arts Candidates must be B.Ed./ D.Ed. qualified. Teachers should be fluent in English. Interview: 08.06.2026. 09:00AM- 12:30PM Raipur Convent Hr.Sec. School, Gudhiyari (8109077721/23), Shivanand Nagar (8109077730), New Rajendra Nagar, Raipur- 8109077729/31(RO-082)

क्लासीफाईड

**फीटर/वेल्डर**

आवश्यकता है- अनुभवी फीटर एवं वेल्डर की योग्यता- ITI/ अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। वेतन- योग्यता एवं अनुभव के अनुसार इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र संपर्क करें। **मो. नं- 9244561775, 8501982222. पता- माही इको बिल्ड D-25 रिसदा लोहा बाजार, सोनडोंगरी रायपुर छ.ग.** (RO-A)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- Hari group हेतु सिक्योरिटी गार्ड - 40, सुपरवाइजर - 05, फील्ड आफिसर (अनुभव 05 वर्ष ) - 03, लेडीज गार्ड - 10, हाउसकीपीग बाई - 10, गनमेंन 05, वेतनमान - 13000 से 20000/- **स्थान - कृष्णा प्लाजा अश्वनी नगर सुन्दरनगर रायपुर मो. - 9171511755, 9039437556.** (RO-196)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- AMRUTHA HOSPITAL रिसाली, भिलाई में ड्यूटी डॉक्टर वेतन -12000 से 20000/- (योग्यतानुसार), Nursing staff वेतन 8000-15000/-, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव वेतन 10000-15000/- फार्मासिस्ट 8000-12000/-, Ot टेक्नीशियन 8000-12000/- एवं रिसेप्शनिस्ट 8000-12000/-, **9407941063, 8962715440.** (आरो न - 283)

**हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, **संपर्क करे- 6232022676.**(आरो-460)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- बैंगल की दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें द बैंगल स्टूडियो शुभमके मार्ट के सामने संतोषी नगर रायपुर मो. 93028-22500.**(RO-209)

आवश्यकता है- कार एसेसरीज की दुकान मे काम करने के लिए जरुरतमंद लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतनः 7000 से 10000/- **संपर्क भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, रायपुर मोब. 88189 33330, 88719972005.**(RO-026)

**सुपरवाइजर/अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- सिलतरा कंपनी के लिये सुपरवाइजर की आवश्यकता हैं, कम से कम 3-4 वर्ष का अनुभव हो, एवं एकॉउंटेन्ट की आवश्यकता है, अनुभव कम से कम 4-5 वर्ष का हो, भनपूरी, रांवाभाटा, धनेली, सिलतरा, धरसींवा एवं शादीशुदा को प्राथमिकता। **शीघ्र संपर्क करेः- 8305119768.** (RO-032)

**पैकिंग/डिलीवरी/सफाई**

आवश्यकता है- ऑयल मिल हेतु स्टाफ चाहिए कामः तेल बनाना, पैकिंग, डिलीवरी, सफाई। लेडीज - लड़के दोनों सैलरीः 200 से 230 रोज रहने के लिए कमरे की सुविधा- **संपर्क-महादेव घाट रोड, अग्रोहा कॉलोनी 9977067874, 9826323421. जरूरतमंद तुरंत कॉल करें।** (RO-398)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सेल्स/ड्रायवर कार्य**

आवश्यकता है- सेल्समेन एवं सेल्स गर्ल एवं ड्राइवर एवं बाई की आवश्यकता है संपर्क **संजय फर्नीचर दक्षिण गंगोत्री सुपेला भिलाई एवं अरुण कुमार एंड सन उतई नियर महिमा हॉस्पिटल के सामने** (आरो न -285)

आवश्यकता है- घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने हेतु 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.**(RO-541)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क** Bharti Education Academy Sector - 6 Bhilai **9826196515, 9826896515** (आरो -4154)

**For Rent किराया**

किराये पर उपलब्ध- बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) **सम्पर्क करें- 9589740766, 9425530355.** (RO-40953)

**Property प्रापर्टी**

**कृषि भूमि**

बेचना है- प्राइम लोकेशन 02.22 एकड़ कृषि भूमि सारखी, अभनपुर। डामर रोड 120'+ फ्रंट @ 1.50 करोड़/एकड़। स्टेट हाईवे से 1300 मी., **केवल लेवाल संपर्क करें 7987504355, 7477202779.** (RO-853)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - विजया फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट) **संपर्कः- 9981421206 , 9437550462**(RO-4345)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, किसी भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) से पहले किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधन व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152


Healthcare

**सोरायसिस एवं चमड़ी रोग**

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक
घर बैठे मंगवायें।
लाभ नही तो पैसे वापिस
09083218330


## देश की 42 उत्कृष्ट पंचायतों को आज भव्य समारोह में मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ग्रामीण विकास, सुशासन और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देशभर की 42 पंचायतों को कल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 समारोह में सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ललन और केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल पुरस्कार प्रदान करेंगे। समारोह में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी तथा पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कुल 42 पंचायतों का चयन राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों के लिए किया गया है। इनमें 34 ग्राम पंचायतों को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार तथा 8 पंचायतों को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मदर डेयरी ने नई दिल्ली में लॉन्च किया

## भारत का पहला मिट्टी में घुलनशील दूध पाउच, पर्यावरण को मिलेगी राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मदर डेयरी ने भारत का पहला प्राकृतिक रूप से मिट्टी में सड़ने वाला दूध पाउच पेश किया है। यह पर्यावरण में प्लास्टिक का कोई निशान नहीं छोड़ेगा और उपभोक्ता कीमतों पर कोई असर नहीं डालेगा। कंपनी 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस से दिल्ली-एनसीआर में इसका उपयोग करेगी। यह शुरुआत में गाय के दूध के लिए होगा। मदर डेयरी नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। कंपनी प्रतिदिन लगभग 55 लाख लीटर दूध की आपूर्ति करती है। नए पाउच में एक अनूठी पैकेजिंग तकनीक का उपयोग किया गया है। यह सामग्री बायो उपलब्ध मोम में बदल जाती है। मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीव इसे प्राकृतिक तत्वों में तोड़ देते हैं।

## छत्तीसगढ़ व मप्र सरकार पेसा और वन अधिकार कानूनों को कमजोर कर रही है : रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी महासचिव (संचार) ने मप्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में अनुसूचित क्षेत्रों से जुड़े कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि इन राज्यों में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा), 1996 और वन अधिकार कानून (फेरा), 2006 के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठनों की भूमिका को संस्थागत रूप दिया जा रहा है, जिससे इन कानूनों की मूल भावना और लोकतांत्रिक ढांचा कमजोर हो सकता है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जयराम रमेश ने कहा कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों ने पेसा और एफआरए के क्रियान्वयन के लिए टास्क फोर्स का गठन किया है, जबकि ओडिशा भी जल्द ही ऐसा करने वाला तीसरा राज्य बन सकता है।

**इंडिया ब्लॉक को लेकर फिर एक्टिव हुई कांग्रेस**

# दो साल बाद होगी इंडिया गठबंधन की बैठक, अखिलेश-ममता होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को घेरने के लिए एक मजबूत रणनीति तैयार कर रही है। इसी को लेकर कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन (इंडिया ब्लॉक) की बड़ी बैठक बुलाई है जो विपक्षी दलों के नेताओं की उपलब्धता के आधार पर आगामी 6 या 8 जून को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित की जाएगी। बताया जा रहा है कि बैठक में पेपर लीक और लगातार बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर सरकारी को घेरने की रणनीति पर चर्चा होगी। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के वरिष्ठ नेता नेताओं की उपलब्धता के आधार पर आगामी 6 या 8 जून 2026 को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित करने जा रहे हैं।

### एकजुटता मजबूत करने की कवायद

सूत्रों का कहना है कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन के दो प्रमुख घटक दलों-तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को पश्चिम बंगाल और डीएमके (डीएमके) को तमिलनाडु की सत्ता से बाहर होना पड़ा है, जिसके बाद विपक्ष की एकजुटता को मजबूत करने और बीजेपी नेतृत्व वाली सरकार का मुकाबला करने के लिए इस संयुक्त बैठक को बुलाया गया है।

## 8 जून को बैठक संभव, 15 दलों के आएंगे नेता




### बदल गए हैं इंडिया के अब राजनीतिक समीकरण

राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के कारण कांग्रेस द्वारा डीएमके से संबंध तोड़कर टीवीके (टीवीके) का साथ देने के बाद डीएमके के इस बैठक में शामिल होने की संभावना नहीं है। हालांकि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली टीवीके को बैठक में शामिल करने की कोशिशें जारी हैं। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी (आप) पहले ही सार्वजनिक रूप से इस गुट से दूरी बना चुकी है। ऐसे में उसके इस बैठक में शामिल होने की उम्मीदें न के बराबर हैं।

### वेणुगोपाल ने किया विपक्षी नेताओं से संपर्क

बताया जा रहा है कि कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने विभिन्न दलों के नेताओं से संपर्क किया है और उनसे बैठक में भाग लेने का अपील की है। सूत्रों ने ये भी दावा किया कि इस बैठक में विपक्षी दल मुख्य रूप से नीट पेपल लीक विवाद, सीबीएसई से जुड़े मामलों और देश में लगातार बढ़ रही ईंधन की कीमतों जैसे ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ एक साझा राष्ट्रीय रणनीति तैयार करेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक का मुख्य उद्देश्य बीजेपी नीत केंद्र सरकार के खिलाफ संयुक्त रणनीति तैयार करना और विपक्षी एकता को मजबूत करना है। सूत्रों का कहना है कि इस अहम बैठक में लगभग 15 विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें टीएमसी सुप्रीमो और बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हैं।

### डीएमके और आप का शामिल होना मुश्किल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, तमिलनाडु में कांग्रेस के टीवीके को समर्थन देने के बाद डीएमके के इस बैठक में शामिल होने की संभावना नहीं है। हालांकि, टीवीके को इस बैठक में शामिल करवाने की कोशिश की जा रही है। आम आदमी पार्टी (आप) ने पहले ही सार्वजनिक रूप से इस गठबंधन से दूरी बना ली थी, इसलिए पार्टी इस बैठक में शामिल नहीं होगी। इस बैठक में ममता बनर्जी द्वारा बंगाल में टीएमसी नेताओं पर हुए कथित हमलों का मुद्दा उठाने और इंडिया ब्लॉक के दलों का समर्थन जुटाने की उम्मीद है।

**2024 में हुई थी आधिकारिक बैठक** : आपको बता दें कि विपक्षी दलों के इस इंडिया गठबंधन का गठन साल 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को संयुक्त चुनौती देने के लिए किया गया था। इस ब्लॉक की आखिरी आधिकारिक बैठक लोकसभा चुनाव की मतगणना से ठीक पहले एक जून 2024 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी, जिसके बाद अब ये बड़ी बैठक होने जा रही है।

## जैकेट के शेष

### किस वाहन पर ...

लिए यह राशि 2.5 लाख रुपये, मध्यम यात्री वाहनों के लिए 3 लाख रुपये तथा मध्यम मालवाहक वाहनों के लिए 4 लाख रुपये निर्धारित की गई है। भारी यात्री वाहनों के लिए भी 4 लाख रुपये और भारी मालवाहक वाहनों के लिए 5 लाख रुपये की बैंक गारंटी देनी होगी। अन्य विशेष श्रेणी के वाहनों के लिए भी 5 लाख रुपये की गारंटी का प्रावधान रखा गया है।

### सीबीएसई चेयरमैन-सचिव ...

विफलताओं और सत्यापन एवं पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में देरी को लेकर भी बोर्ड को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है।

### -री-ईवैल्यूएशन पोर्टल....

से ज्यादा छात्रों ने आवेदन कर दिया। यह पोर्टल सोमवार से शुरू होना था। सीबीएसई ने कहा कि उसकी टीमें पूरी सतर्कता और सक्रियता के साथ काम कर रही हैं। बोर्ड ने भरोसा दिलाया कि छात्रों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और पोर्टल को सुरक्षित बनाए रखने के लिए तकनीकी निगरानी लगातार जारी रहेगी।

### ओएसएम खलनायक नहीं ....

क्षमता शामिल है। इंटरनेशनल बैकलॉरिएट ऑर्गनाइजेशन सहित कई प्रतिष्ठित मूल्यांकन संगठनों ने वर्षों से डिजिटल मूल्यांकन प्रणालियों का सफलतापूर्वक उपयोग किया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उदय ओएसएम के पक्ष को और भी मजबूत बनाता है। एआई-संचालित मूल्यांकन एनालिटिक्स परीक्षक के पूर्वाग्रह की पहचान कर सकते हैं, असामान्य रूप से सख्त या उदार मार्किंग का पता लगा सकते हैं, विभिन्न मूल्यांकनकर्ताओं के बीच विसंगतियों को चिह्नित कर सकते हैं, और वास्तविक समय में सुधार के हस्तक्षेप की सिफारिश कर सकते हैं। ऐसी क्षमताओं को विशुद्ध रूप से कागज-आधारित प्रणाली में लागू करना असंभव या कम से कम बेहद कठिन है। एआई एक बुद्धिमान गुणवत्ता आश्वासन परत के रूप में कार्य कर सकता है, जो मानव परीक्षकों के पेशेवर निर्णय को बदले बिना निष्पक्षता और निरंतरता सुनिश्चित करने में मदद करता है।

हालांकि, इस स्तर के बदलाव शायद ही कभी पूरी तरह से निर्बाध होते हैं। हर बड़े परीक्षा सुधार को एक समायोजन अवधि से गुजरना पड़ता है। शुरुआती वर्षों में, अक्सर एक हाइब्रिड मॉडल (मिश्रित तरीका) सबसे समझदारी भरा दृष्टिकोण होता है। पारंपरिक मूल्यांकन प्रथाएं और ओएसएम एक साथ सह-अस्तित्व में रह सकते हैं, जिससे परीक्षा अधिकारियों को परीक्षकों का विश्वास जीतने, कार्यप्रवाह को सुधारने, वेंडर की क्षमताओं को बढ़ाने और परिणामों पर सबूत जुटाने का समय मिलता है। इस चरण के दौरान, निरंतर अंशांकन, परीक्षकों का प्रशिक्षण और मजबूत मॉडरेशन आवश्यक हो जाता है।जो बात नहीं होनी चाहिए, वह यह है कि सिर्फ इसलिए पुरानी प्रथाओं की ओर लौट जाया जाए क्योंकि पहले कार्यान्वयन में मुश्किलें आईं। यदि कोई वेंडर खराब प्रदर्शन करता है, तो समाधान खरीद में सुधार करना, निरीक्षण को मजबूत करना और सिस्टम डिजाइन को बेहतर बनाना है, न कि पूरी कार्यप्रणाली को खारिज कर देना।

### आदिवासी समाज ....

के सामने अपनी बात रखी। कलेक्टर परिसर के बाहर ही अधिकारियों के समक्ष अपनी मांगें रखते हुए समाज ने इस पर जल्द कार्यवाही की अपेक्षा जताई। इस दौरान कहा गया कि अगर प्रशासन द्वारा इन मांगो पर कोई कार्यवाही जल्द नही की जाती है तो 20 जून को संघ द्वारा पुनः उग्र आंदोलन किया जाएगा। बहरहाल प्रशासन का इस मामले में क्या कहना है यह सामने नहीं आया है। लेकिन सोमवार के प्रदर्शन के बाद प्रशासन से समुचित कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

### दुष्कर्म पीड़िता की ....

ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान युवती के शरीर से सेफ्टी पिन और कॉर्क (कॉक) के कुछ हिस्सों जैसी संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। इन वस्तुओं को विस्तृत परीक्षण के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। गौरतलब है कि मूकबधिर बालिका की पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस के अनुसार रेप के आरोपी को 4 अप्रैल को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### तहसीलदारों की ...

नवा रायपुर स्थित धरना स्थल तूता में सुबह 10.30 बजे से जुटने लगे। दोपहर 12 बजे उनका धरना प्रदर्शन शुरू हुआ। जिसमें 27 मई को उप तहसील राजापुर में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिकपुरी के साथ हुई कथित मारपीट का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। हड़ताली तहसीलदार-नायब तहसीलदारों को पटवारी और आरआई संघ का भी समर्थन मिला। **पुलिस की एफआईआर पर हो कार्रवाई -लहरे** : संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने बताया कि उनकी एक मात्र मांग है कि पुलिस ने जो एफआईआर की है,उस पर कार्रवाई होना चाहिए। पुलिस ने एफआईआर में 3 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है, वहीं 10 अन्य को शामिल किया है। चूंकि एसडीएम भी घटना स्थल पर मौजूद थे, इसलिए मारपीट करने वाले समर्थकों की जानकारी है, इसलिए कम से कम समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा, इस संबंध में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और राजस्व सचिव शम्मी आबिदी से भी मुलाकात की गई थी। मगर नतीजा सिफर रहा।

### आग में डालने से ....

घर के समीप पानी लेने गई थी। इसी बीच बच्चे कहीं से फेंके गए मोबाइल की बैटरी को लेकर आ गए और खेलने के दौरान ही आंगन में आग जलाकर बैटरी को जलाने लगे। आग से गर्म होकर बैटरी फट गई। बैटरी के फटने पर बड़े बच्चे भाग गए लेकिन एक वर्षीय आदित्य सिंह वहीं बैठा रह गया जिससे बैटरी का गर्म कैमिकल मासूम के सिर से लेकर पांव तक लग गया। वह गंभीर रूप से झुलस गया।

### घर में नहीं है एक ...

खेलने के दौरान ही बच्चों ने मोबाइल की बैटरी को आग में डाल दी जिससे गर्म होकर बैटरी फट गई। इस दौरान बड़े बच्चे मौके से भाग गए जबकि एक वर्षीय आदित्य आग के समीप ही बैठा रह गया जिससे बैटरी के केमिकल और आग की चपेट में आने से झुलस गया था।

### विदेशियों को वीजा ...

ऐसा नहीं किया जा सकेगा। कुछ विशेष परिस्थितियों में ही देरी से पंजीयन की अनुमति दी जाएगी। ये नए नियम 1 जून से लागू हो गए हैं।

### 14 दिनों की समय ....

परिस्थितियों में ही देरी से पंजीयन की अनुमति दी जाएगी।

# 'चैटजीपीटी बच्चों को लत लगा रहा हिंसक अपराधों में सहायता कर रहा'

## अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा ने ओपन आई पर किया मुकदमा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका का फ्लोरिडा राज्य चैटजीपीटी की सुरक्षा और डिजाइन को लेकर ओपन आई और उसके सीईओ सैम आल्टमैन पर मुकदमा करने वाला पहला राज्य बन गया है। फ्लोरिडा के अटॉर्नी जनरल जेम्स उथमायर ने आरोप लगाया है कि चैटजीपीटी बच्चों को लत लगा रहा है, हिंसक अपराधों में सहायता कर रहा है और कंपनी मुनाफे को सार्वजनिक सुरक्षा से ऊपर रख रही है। फ्लोरिडा द्वारा दायर सिविल मुकदमे में ओपन आई और उसके सीईओ सैम ऑल्टमैन को प्रतिवादी बनाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि कंपनी ने सुरक्षा जोखिमों की अनदेखी करते हुए एआई तकनीक




को तेजी से आगे बढ़ाया। मुकदमे में ऑल्टमैन को व्यक्तिगत रूप से भी जिम्मेदार ठहराने की मांग की गई है। ओपन आई पहले से ही कई मुकदमों का सामना कर रही है, जिनमें चैटजीपीटी के संभावित मानसिक और सामाजिक प्रभावों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इसी तरह Google, Meta, TikTok और अन्य बड़ी टेक कंपनियां भी अपने उत्पादों के डिजाइन और उपयोगकर्ता सुरक्षा को लेकर कानूनी चुनौतियों का सामना कर रही हैं।

### दो शोधार्थियों की हत्या का उल्लेख

मुकदमे में फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी गोलीकांड और यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा के दो शोधार्थियों की हत्या का उल्लेख किया गया है। अभियोजकों के अनुसार, एक आरोपी ने कथित तौर पर मानव शवों के निपटान से जुड़े सवाल चैटजीपीटी से पूछे थे। हालांकि, अभी तक यह न्यायिक रूप से साबित नहीं हुआ है कि चैटजीपीटी ने इन अपराधों में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई।

**बच्चों के लिए बताया खतरा**

फ्लोरिडा सरकार का आरोप है कि चैटजीपीटी बच्चों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकता है। राज्य का कहना है कि कंपनी ने सार्वजनिक सुरक्षा की तुलना में व्यावसायिक हितों को प्राथमिकता दी। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए ओपन आई ने कहा कि उसने नाबालिगों की सुरक्षा के लिए आयु-पहचान तकनीक समेत कई सुरक्षा उपाय लागू किए हैं।

## अमेरिका : परिवार के 6 लोगों की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन**। अमेरिका के आयोवा राज्य के मस्कटीन शहर में घरेलू विवाद के बाद एक व्यक्ति ने परिवार के 6 सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी आत्महत्या कर ली। घटना में कुल 7 लोगों की मौत हुई है। पुलिस को सोमवार दोपहर एक घर में गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों ने घर के अंदर 4 लोगों के शव बरामद किए। सभी की मौत गोली लगने से हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने 52 वर्षीय रयान विलिस मैकफारलैंड को मुख्य संदिग्ध के रूप में चिन्हित किया। वारदात के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और कुछ समय बाद उसे ढूंढ़ लिया। मस्कटीन पुलिस प्रमुख एंथनी कीस के मुताबिक, पुलिस उससे बातचीत कर रही थी तभी उसने खुद को गोली मार ली।

**राजधानी कीव और द्नीप्रो समेत कई शहरों पर हमला**

## रूस का यूक्रेन पर फिर बड़ा हमला 18 की मौत, 90 से ज्यादा घायल

एजेंसी ▶▶| कीव

रूस ने मंगलवार रात यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन की बौछार कर दी। राजधानी कीव और द्नीप्रो समेत कई शहरों में हुए हमलों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कई रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और दर्जनों लोग मलबे में फंस गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, कीव में 4 लोगों की मौत हुई है और 58 लोग घायल हुए हैं। घायलों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। शहर के 8 जिलों में रिहायशी भवनों और अन्य नागरिक ढांचों को नुकसान पहुंचा है। दूसरी ओर, द्नीप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र के द्नीप्रो शहर में रूसी हमलों में 6 लोगों की जान चली गई और 36 लोग घायल हुए।

### कई लोग मलबे में फंसे

द्नीप्रो में एक दो मंजिला मकान और चार मंजिला अपार्टमेंट का हिस्सा ढह गया। कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। कीव के पोदिल्स्की जिले में 9 मंजिला इमारत की ऊपरी मंजिलों को नुकसान पहुंचा, जबकि सोलोमियांस्की जिले में 20 और 24 मंजिला इमारतें प्रभावित हुईं। राहतकर्मी रातभर बचाव अभियान में जुटे रहे। हमलों के दौरान एयर रेड अलर्ट जारी रहा और कई इलाकों में लोग शेल्टर में शरण लेते रहे।

राहत कार्य के दौरान हुए दूसरे हमले में एक बचावकर्मी की भी मौत हो गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पहले ही रूस के संभावित बड़े हमले की चेतावनी दी थी।

## अमेरिका में 30 भारतीय ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

**गैरकानूनी रूप से रह रहे थे**

**वाशिंगटन**। अमेरिका में 30 भारतीय ट्रक ड्राइवरों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे अमेरिका में गैरकानूनी तरीके से रह रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि इन्हें जल्द ही अमेरिका से बाहर भेजा जाएगा। अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने बताया कि 11 से 15 मई के बीच ऑपरेशन चेकमेट के तहत एरिजोना में कुल 52 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से 36 लोग ट्रक चला रहे थे। इनमें से 30 भारतीय है। बाकी 6 लोग मेक्सिको, एल साल्वाडोर और रूस के थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com

क्र./1729/न.पा.परि./ लो.नि./ 2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 27/05/2026

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::-

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से विभिन्न वार्डो में पाईप लाईन विस्तार कार्य एवं एक्जिस्टिंग एलएलआरएम सेंटर में अतिरिक्त कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सिस्टम टेंडर क्रमांक 189408 एवं 189433 है जिसकी कुल लागत राशि 70.10 लाख रू. एवं निविद डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 17.06.2026 है। उपरोक्त कार्यो की निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेवसाईट www.uad.cg.gov.in या http://eproc.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

## पेज एक के शेष

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम...

करने के लिए राजधानी समेत जिले पर्याप्त और बड़े चिकित्सकीय संस्थान है। इसके अलावा यहां अन्य जिलों की तुलना में मानव सहित अन्य संसाधनों की संख्या पर्याप्त है। इसके बाद बाद जिला जारी किए गए स्कोर कार्ड में अपना दसवां स्थान बना पाया है। जबकि बेहतर काम करने के लिए कोरबा, कोरिया जैसे छोटे जिलों को ग्रीन जोन में शामिल हुए हैं।

**इन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आधार पर बना स्कोर कार्ड** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के रूप में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग एवं स्ट्रोक रोकथाम कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सिकल सेल रोग नियंत्रण कार्यक्रम तथा डायलिसिस सेवाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का आंकलन कर स्कोर कार्ड बनाया गया।

### लूट का विरोध करने पर...

महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 26 मई 2026 को कोटमीकला साप्ताहिक हाट बाजार में सर्राफा व्यापारी प्रदीप सोनी से लूटपाट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन कर जांच शुरू की थी।

**गिरफ्तार आरोपी** : खुशीराम साहू, निवासी बिटकुला, थाना सीपत, जिला बिलासपुर। राजाराम साहू, निवासी बिटकुला, थाना सीपत, जिला बिलासपुर। गया प्रसाद रजक, निवासी करौंदानार, देवरीखुर्द, चौकी कोटमीकला, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।

### परिवार के एक सदस्य के...

कहा कि संबंधित प्राधिकरण को पहले परिवार की वास्तविक आर्थिक स्थिति और वित्तीय संकट का आंकलन करना होगा। कोर्ट ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति योजना का उद्देश्य मृत कर्मचारी के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसलिए केवल तकनीकी आधारों पर दावे खारिज करना योजना की मानवीय भावना के विपरीत होगा। इन टिप्पणियों के साथ हाईकोर्ट ने नगर निगम की अपील खारिज कर दी और एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा है।

### सिंगल बेंच ने दिया...

परिवार का कोई सदस्य पहले से सरकारी सेवा में है तो अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा सकती।

### अब मुख्यधारा ...

यह दुकान आत्मसमर्पित दंपति मासा तामो और जयमोती की थी। मुख्यमंत्री दुकान के भीतर पहुंचे, दोनों से आत्मीयता से बातचीत की और उनके जीवन में आए बदलाव के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीएम साय दुकान से पानी की बोतल खरीदी। दोनों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता ही नए जीवन की सबसे बड़ी पहचान है। मासा तामो का बचपन गरीबी और अभावों में बीता। बचपन में पिता का साया उठ गया और पढ़ाई का अवसर कभी नहीं मिला।

### पुनर्वास केंद्र बना नई...

योजनाओं से जोड़ा गया। राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता और अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की सक्षम योजना के तहत जयमोती को एक लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इसी सहायता से कोण्डापल्ली में उनकी छोटी-सी किराना दुकान शुरू हुई।

### वेदांता ग्रुप पर ...

उन्होंने बताया कि जारी जांच में समूह की कुछ अन्य व्यवस्थाओं की भी पड़ताल की जा रही है। इधर, वेदांता के एक प्रवक्ता ने ईडी की कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी प्राधिकारियों को पूरा सहयोग दे रही है और मांगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रही है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं.: ST-NIR-HSpart-VDU-PC-26, दिनांक : 25.05.2026

**कार्य का नाम** : (अ) एसईसीआर के नागपुर मंडल के नैनपुर स्टेशन पर HS-SPART उपलब्ध कराने हेतु एस एंड टी कार्य। (ब) एसईसीआर के नागपुर मंडल में एम्बेडेड पीसी सहित VDU का प्रतिस्थापन।

**निविदा मूल्य** : रु. 2,56,97,472.80/- **जमानत राशि** : रु. 5,14,000/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 (छह माह)

निविदा जमा करना : बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित निविदाएं केवल **दिनांक 16/06/2026 को 15.00 बजे तक** प्रस्तुत कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

डी.एस.टी.ई./एनजीपी
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

AAA/22/85

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.:
WAT-TRS-OT-06-2026-27

**स्थान सहित कार्य का नाम** : इलेक्ट्रिक लोको शेड/विशाखापट्टनम में तीन वर्षों की समयावधि के लिए OEM अथवा OEM के अधिकृत डीलर के माध्यम से तीन फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के मेसर्स Autometers Alliance लिमिटेड निर्मित IGBT बेस्ड ऑग्जीलियरी कन्वर्टर्स का व्यापक वार्षिक रख-रखाव ठेका (CAMC)- मात्रा : 29 संख्यक।

**निविदा मूल्य** : ₹ 3,09,77,422.59, EMD : ₹ 3,04,900/-, निविदा दस्तावेज की लागत : ₹ 11,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 3 वर्ष (36) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय** : दिनांक 19.06.2026 को 1500 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRS), वाल्टियर

PR-203/R/26-27

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा, जिला बालोद (छ.ग.)**

फोन नं. 07748-286524 E-mail: mcdallirajhara@gmail.com

क्रमांक /448/ रा.वि. / न. पा. प. / 2026 दल्लीराजहरा दिनांक 01/06/2026

**आम सूचना**

एतद् द्वारा समस्त स्ट्रीटवेंडर एवं अन्य व्यवसायियों को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 07 टाउनशिप दल्लीराजहरा में निकाय द्वारा निर्मित चौपाटी के निम्न दुकानों का आबंटन किया जाना है, इस हेतु आवश्यक जानकारी नियम शर्ते कार्यालीन तिथि एवं समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | दुकानों का विवरण निम्नानुसार है:- |
|---|---|
| 1. | 07, 08, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22 ( कुल 12 दुकान) |

उपरोक्त दुकानों को आंबटन हेतु दिनांक 17.06.2026 तक इस निकाय में कार्यालीन समय में निर्धारित आवेदन प्रपत्र जमा कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6245



**बाएँ से दाए**
1. सरदार,अगुआ-4
5. जनमत,एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता,परवाह-3
12. पैंदा,तल्ला-2
14. ताल,सुर,आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला,दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल,करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट,पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक,घुड़सवार-3
36. चौकसी,रखवाली-3
37. हलक,कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर,मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा,गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी,अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा,बैर-2
8. आदत,व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग,हिलोर-3
16. तृष्णा,लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर,पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या,डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली,आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन,प्रेमपात्र-3
42. पहरा,चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 6244 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6255

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6254 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

सरकार थोक मूल्य सूचकांक को समाप्त करेगी, उत्पादन, कच्चे माल व सेवाओं की कीमतों को जोड़ेगी

# सरकार थोक मूल्य सूचकांक को उत्पादक मूल्य सूचकांक से बदलेगी, नई श्रृंखला 15 जून से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ विस्तृत उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) लागू होगा

सरकार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) को समाप्त करेगी और उत्पादन, कच्चे माल और सेवाओं की कीमतों को शामिल करने वाला विस्तृत उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) लागू करेगी। इसका मकसद अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के रुख का अधिक वास्तविक आकलन करना है। इस बारे में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो ने संवाददाताओं से कहा कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) 15 जून को नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ डब्ल्यूपीआई की संशोधित श्रृंखला जारी करेगा।



## उत्पादन, परीक्षण व सेवा तीन सूचकांक जारी होंगे

यह आधार वर्ष 2011-12 वाली मौजूदा श्रृंखला का स्थान लेगा। इसके अतिरिक्त, विभाग 15 जून से पीपीआई की एक नई श्रृंखला जारी करेगा। इसमें तीन सूचकांक... उत्पादन पीपीआई, परीक्षण कच्चा माल पीपीआई और सेवा पीपीआई...होंगे। शुरू में, सेवा पीपीआई में सात सेवाएं... बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन निधि प्रबंधन, रेलवे, हवाई (यात्री) और दूरसंचार...होंगी।

## पीपीआई पांच वर्षों तक जारी किया जाएगा

मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मूल्य वृद्धि संबंधी प्रावधानों में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के व्यापक उपयोग को देखते हुए, यह सूचकांक पीपीआई के साथ संशोधित श्रृंखला जारी होने की तारीख से पांच वर्षों तक जारी किया जाएगा और उसके बाद इसे समाप्त कर दिया जाएगा।'' पांच वर्ष की अवधि उपयोगकर्ताओं को डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलने के लिए पर्याप्त समय देगी। तिमाही आधार पर संकलित सेवा पीपीआई, 2025-26 की चौथी तिमाही (अस्थायी) के लिए 2023-24 की पहली तिमाही से 2025-26 की तीसरी तिमाही तक के पिछले आंकड़ों के साथ जारी किया जाएगा। आर्थिक सलाहकार कार्यालय के उप महानिदेशक दिलीप कुमार सिन्हा ने डब्ल्यूपीआई की नई श्रृंखला (2022-23) के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वस्तुओं की कुल संख्या 697 से बढ़कर 957 हो गई है।

## बदलाव आईएमएफ की सिफारिशों के अनुरूप

डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलाव विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अपनाई गई वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों के अनुरूप है। उत्पादन पीपीआई और कच्चे माल पीपीआई दोनों की उपलब्धता से किसी उद्योग में उपयोग होने वाले कच्चे माल की तुलना में अंतिम रूप से तैयार वस्तुओं की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है।

## पीपीआई में और अधिक सेवाएं जोड़ने की योजना

इससे यह भी पता चलता है कि उत्पादकों द्वारा अनुभव की जाने वाली कच्चे माल की महंगाई को किस प्रकार उत्पादित वस्तुओं पर स्थानांतरित किया जाता है। महतो ने बताया कि प्रशासनिक स्रोतों/एजेंसियों से उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर पहले चरण में सात सेवाओं के लिए सेवा पीपीआई संकलित किए गए हैं। आगामी चरणों में सेवाओं के पीपीआई में और अधिक सेवाएं जोड़ने की योजना है।

## 37 महीनों के आंकड़े 15 जून को उपलब्ध होंगे

यह आंकड़ों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। डीपीआईआईटी ने बताया कि डब्ल्यूपीआई और उत्पादन पीपीआई मासिक आधार पर संकलित किए जा रहे हैं और मई, 2026 (अस्थायी) के लिए आंकड़े अप्रैल, 2023 से अप्रैल, 2026 (37 महीने) तक के पिछले आंकड़ों के साथ 15 जून को उपलब्ध होंगे।

## सौर, पवन के साथ परमाणु ऊर्जा समूह में शामिल

सिन्हा ने बताया कि सौर और पवन ऊर्जा जैसे नए ऊर्जा स्रोतों को विद्युत समूह में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, परमाणु ऊर्जा को भी इस समूह में शामिल किया गया है। इसी प्रकार, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस को प्राथमिक वस्तुओं से हटाकर ईंधन और बिजली समूह में रखा गया है।

चुनिंदा औद्योगिक व कृषि उपकरणों पर शुल्क घटाई गई


# अमेरिका के कुछ उपकरणों पर शुल्क में कटौती की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ शुल्क 25 से घटाकर 15 करने से भारत को सीमित लाभ होगा

अमेरिकी प्रशासन के स्टील, एल्युमीनियम या तांबे से युक्त चुनिंदा औद्योगिक और कृषि उपकरणों पर शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने की घोषणा से भारत को सीमित लाभ मिलेगा। शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को यह कहा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इंजीनियरिंग सामान, एचवीएसी उपकरण, विद्युत उपकरण और कृषि मशीनरी के निर्यातकों को 15 प्रतिशत की घटी हुई दर से लाभ हो सकता है। कुछ विनिर्माता अमेरिकी मूल की धातुओं का उपयोग करके संभावित रूप से नई 10 प्रतिशत दर के लिए पात्र हो सकते हैं, लेकिन कुल मिलाकर इसका प्रभाव मामूली रहने की संभावना है। घटी हुई दर आठ जून, 2026 से 31 दिसंबर, 2027 तक लागू रहेगी। इसमें शामिल उत्पादों में हीटिंग और एयर कंडीशनिंग उपकरण, बुलडोजर, फोर्कलिफ्ट, हार्वेस्टर, कृषि मशीनरी और कुछ विद्युत ग्रिड उपकरण शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि आयातित उत्पादों के लिए एक नई 10 प्रतिशत शुल्क श्रेणी शुरू की गई है, जो कम से कम 85 प्रतिशत अमेरिकी स्टील, एल्युमीनियम या तांबे से विनिर्मित हैं। जीटीआरआई ने यह भी बताया कि जिन उत्पादों में वजन के हिसाब से 15 प्रतिशत या उससे कम स्टील, एल्युमीनियम या तांबा होता है, वे धारा 232 के तहत लगने वाले शुल्क से मुक्त रहेंगे।

हालांकि, मुख्य धातुओं पर लगने वाले शुल्क में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आयातित अधिकांश स्टील, एल्युमीनियम और तांबे के उत्पादों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा, जबकि इन धातुओं से बने कई अन्य उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लागू रहेगा। भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में अमेरिका से लगभग 2.9 अरब डॉलर मूल्य के स्टील, एल्युमीनियम, तांबा और संबंधित उत्पादों का आयात किया। इससे भारतीय विनिर्माताओं को अमेरिकी कच्चे माल का उपयोग करने और तैयार उत्पादों को वापस अमेरिका निर्यात करते समय कम शुल्क का लाभ उठाने का अवसर मिला।



## 50 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लागू रहेगा

संस्थापक ने कहा, ''हालांकि, मूल मुद्दा बना हुआ है। स्टील, एल्युमीनियम और तांबे के उत्पादों के भारतीय निर्यात पर धारा 232 के तहत लगने वाला 50 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लागू रहेगा, जबकि कई अन्य धातु उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लागू रहेगा।''

''एनआईए केस संख्या आरसी-08/2024/एनआईए/आरपीआर (रतन दुबे की हत्या) में उद्घोषणा नोटिस''
''PROCLAMATION NOTICE in NIA CASE No. RC-08/2024/NIA/RPR (Killing of Ratan Dubey)''
न्यायालय-विशेष न्यायाधीश एन.आई.ए. बस्तर, स्थान जगदलपुर
अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
विशेष प्रकरण क्रमांक - 13/2024
आर.सी. नम्बर 08/2024, अपराध क्रं. 04/2023
छ.ग. राज्य वि. धनसिंह कोर्राम अन्य नियत तिथि - 27.06.2026
(अंतर्गत धारा- 82 दंड प्रक्रिया संहिता सहपठित धारा-84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता)
मेरे समक्ष राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण रायपुर छ.ग. द्वारा परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त- नारायण प्रसाद नाग पिता सुखलाल नाग, उम्र 51 वर्ष, साकिन-धौड़ाई, थाना-धौड़ाई, जिला-नारायणपुर छ.ग.** ने एन.आई.ए. के आर.सी. नम्बर 08/2024/एन.आई.ए./आर.पी.आर. (थाना-झारा के अपराध क्रमांक-04/2023) अंतर्गत धारा- 302/34/120बी भा.दं.सं. एवं धारा- 20, 16, 18, 38(2), 39(2) एवं 10 तथा 13 विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम एवं धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध कारित किया है और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी वारंट यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **नारायण प्रसाद नाग पिता सुखलाल नाग** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नारायण प्रसाद नाग पिता सुखलाल नाग** फरार हो गया है या उक्त वारंट की तामीली से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है।
इसलिये इसके द्वारा उद्घोषणा की जा रही है कि उक्त **नारायण प्रसाद नाग पिता सुखलाल नाग, उम्र 51 वर्ष, साकिन- धौड़ाई, थाना-धौड़ाई, जिला-नारायणपुर छ.ग.** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष परिवाद का उत्तर देने के लिये न्यायालय-विशेष न्यायाधीश एन.आई.ए. बस्तर स्थान जगदलपुर छ.ग. के समक्ष दिनांक- 27.06.2026 को समय प्रातः 11.00 बजे उपस्थित हो।
(अजय सिंह राजपूत)
विशेष न्यायाधीश एन.आई.ए एक्ट/ अनुसूचित अपराध बस्तर, स्थान-जगदलपुर
मुहर
CBC 19133/11/0010/2627

**Public Works Department**
**Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)**

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
(1st Call)

No. 03/Raipur/2026-27 Raipur, Dated. 27.05.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work
जिला रायपुर के नवा रायपुर अटल नगर में लो.नि.वि. के वरिष्ठ अधिकारी हेतु 01 नग बी - टाईप, 01 नग सी - टाईप, 04 नग डी - टाईप, 06 नग ई-टाईप एवं 09 नग एफ-टाईप आवास निर्माण कार्य की वास्तुविद् नियुक्त करने की अनुमति बाबत।
Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 1385.77 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure 1) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-03 Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 10 to 25 Crore | Empanelled as architect in Class "C" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 5,000=00 |

**General Condition:-** All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 16.06.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur

G-262701146/6

बिजनेस साइट

## गर्मी में त्वचा की सुरक्षा के लिए हाइड्रेशन और सनस्क्रीन बेहद जरूरी : डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल

रायपुर। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच त्वचा संबंधी समस्याओं के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल ने लोगों को गर्मी के मौसम में त्वचा की विशेष देखभाल करने की सलाह दी है। सिटी कोतवाली एवं बैरन बाजार स्थित डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल क्लीनिक के संचालक डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहे तापमान में लापरवाही त्वचा को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए प्रतिदिन 3 से 4 लीटर पानी पीना चाहिए तथा नारियल पानी, नींबू पानी, छाछ और मौसमी फलों का सेवन बढ़ाना चाहिए। बाहर निकलने से पहले एसपीएफ 30 या उससे अधिक वाली सनस्क्रीन लगाना और समय-समय पर उसे दोबारा लगाना जरूरी है। डॉ. अग्रवाल के अनुसार चेहरे को बार-बार हार्श फेसवॉश से धोने से त्वचा रूखी और संवेदनशील हो सकती है। गर्मी में जेल बेस्ड या वॉटर बेस्ड मॉइस्चराइजर का उपयोग बेहतर रहता है। उन्होंने कॉटन के ढीले कपड़े पहनने, टोपी, छाता और सनग्लासेस के उपयोग तथा दोपहर 12 से 4 बजे तक तेज धूप से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि अत्यधिक पसीने से हीट रैश, जलन और लाल चकत्तों की समस्या बढ़ सकती है। यदि त्वचा पर सूजन, जलन या लाल चकत्ते अधिक दिखाई दें अथवा चक्कर, उल्टी और तेज बुखार जैसे हीट स्ट्रोक के लक्षण नजर आएं तो तुरंत किसी चर्म रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।



## सोना 1,050 रुपए चढ़ा और चांदी 1,300 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से इन कीमती धातुओं की मांग फिर से बढ़ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 1,61,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। सोमवार को यह 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी 1,300 रुपये की मजबूती आई और यह पिछले बंद भाव 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से सहारा मिला। इससे पश्चिम एशिया में तनाव के कारण पैदा होने वाले महंगाई के झटके का डर कुछ कम हुआ।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका — सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
राउरकेला इस्पात संयंत्र
राउरकेला-769011 (ओडिशा)
संदर्भ सं.: CSR/2026-27/25 दिनांक: 15/05/2026
:: सूचना ::
राउरकेला स्टील प्लॉट ने सेल/राउरकेला स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके जीवनसाथियों को एक गरिमापूर्ण, स्वस्थ, सुरक्षित और अच्छी गुणवत्ता वाला जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से राउरकेला में एक वरिष्ठ नागरिक सेवा गृह (SAKSHYAM) स्थापित किया है। निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-
1. आवेदकों की योग्यता :
i. आर.एस.पी. या सेल की अन्य इकाइयों के पूर्व कर्मचारी या पूर्व कर्मचारी के जीवनसाथी।
ii. आयु 60 वर्ष पूरी हो चुकी हो। पूर्व कर्मचारियों की विधवाओं की आयु 55 वर्ष पूरी हो चुकी हो।
iii. आवेदक शारीरिक/मानसिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहिए।
iv. आवेदक किसी भी संक्रामक/छूत की बीमारी से पीड़ित नहीं होना चाहिए।
v. यदि चयन हो जाता है, तो आवेदक राउरकेला और उसके आसपास किसी अन्य निवास स्थान (किराए का, अपना, लीज पर लिया हुआ, लाइसेंसधारी, आदि के रूप में) पर नहीं रहेगा। यदि आवेदकों के पास वर्तमान में कोई अन्य निवास स्थान है (अर्थात SAKSHYAM में कमरा मिलने से पहले), तो उन्हें मौजूदा नियमों के अनुसार आवश्यक घोषणा पत्र जमा करना होगा।
2. जमा किए जाने वाले दस्तावेज :
1. आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन पत्र।
2. हस्ताक्षरित वचन पत्र (आवेदन पत्र के साथ संलग्न)।
3. सेवा प्रमाण पत्र / सेवानिवृत्ति आदेश की स्व-सत्यापित प्रतियां।
4. वैध मेडिकल कार्डो की स्व-सत्यापित प्रतियां। आवेदन पत्र के साथ आवेदक और उसके जीवनसाथी का आधार कार्ड और मेडिक्लेम पॉलिसी ।
5. आवेदक के पासपोर्ट आकार के दो फोटो।
6. शपथ पत्र (जिसमें नियमों और विनियमों के बिंदु संख्या 11,12 और 14 शामिल हों)।
7. आवेदन के साथ ऊपर दिए गए बिंदु '5' के संबंध में घोषणा पत्र सलग्न होना चाहिए।
आवेदन पत्र, दिशानिर्देश, नियम और विनियम महा प्रबंधक प्रभारी (सी.एस. आर.) के कार्यालय, आई.पी.डी. भवन, सेक्टर-20, राउरकेला-769005 /'आर.एस.पी.' पोर्टल / 'संपर्क' पोर्टल सेल वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। संपर्क नंबर : 8895501293 और 8895504747
ई-मेल ID : rajeews.bara@sail.in एवं sk.sukula@sail.in
आवेदन महा प्रबंधक (सी.एस.आर.) के कार्यालय, आई.पी.डी. भवन, सेक्टर-20, राउरकेला-769005 में दिनांक 15.07.2026 (मंगलवार को) या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए।
महाप्रबंधक प्रभारी (सीएसआर)
पंजीकृत कार्यालय: इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
Corporate Identity Number: L271090DL1973GOI006454,
Website: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल
CBC-40109/12/0001/2627

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# पाकिस्तान की सादिया को पछाड़कर 'नंबर-1' गेंदबाज बनीं लिंसी स्मिथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुबई। इंग्लैंड की लेफ्ट-आर्म स्पिनर लिंसी स्मिथ विमेंस टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले अपने करियर में पहली बार आईसीसी विमेंस टी20 अंतरराष्ट्रीय बॉलिंग रैंकिंग के शिखर पर पहुंच गई हैं। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान की सादिया इकबाल को पछाड़कर 'नंबर-1' स्थान हासिल किया है।

स्मिथ को यह ताज 'व्हाइट फर्न्स' (न्यूजीलैंड) के खिलाफ 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन और ब्रिस्टल में भारत के विरुद्ध इंग्लैंड की हालिया जीत में एक और प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद मिला है।

### स्मिथ ने 2018 में किया था इंटरनेशनल डेब्यू

लिंसी स्मिथ ने साल 2018 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था, जिसके बाद लंबे वक्त तक नेशनल टीम से बाहर बैठना पड़ा। पिछले साल के आखिर में ही इंग्लैंड की टी20 टीम में एक निमयित सदस्य के तौर पर अपनी जगह पक्की करने के बाद, अब वह इस वर्ल्ड कप में इस फॉर्मेट की सबसे ऊंची रैंक वाली गेंदबाज के तौर पर उतर रही हैं।

### श्रीचरणी ने लगाई लंबी छलांग

भारत की उभरती हुई स्पिनर श्रीचरणी इस ताजा रैंकिंग में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ियों में से एक रहीं। इंग्लैंड के खिलाफ 3 विकेट लेने के बाद चरणी 7 पायदान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गई हैं। टॉप 10 गेंदबाजों के बीच सिर्फ 39 रेटिंग प्वाइंट्स का अंतर है। ऐसे में वर्ल्ड कप से पहले 'नंबर 1' बनने की दौड़ रोमांचक बनी हुई है।





### बल्लेबाजी रैंकिंग में जेमिमा को फायदा

बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर जॉर्जिया वोल ने टॉप स्थान बरकरार रखा है। इस बीच टॉप 10 से बाहर मौजूद कई खिलाड़ियों ने भी रैंकिंग में काफी सुधार किया। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं। आयरलैंड की ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगास्ट 10 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर पहुंच गईं, जिन्होंने डबलिन में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 71 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। इस आयरिश स्टार को ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी और सफलता मिली, जिसमें वह एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं टॉप-10 बल्लेबाजों में भारत की दो खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें और शेफाली वर्मा सातवें स्थान पर हैं।

### निगार सुल्ताना ने हासिल किया 20वां स्थान

बांग्लादेशी कप्तान निगार सुल्ताना ने भी बल्लेबाजों की रैंकिंग में 4 स्थान की छलांग लगाते हुए 20वां स्थान हासिल कर लिया है। पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

फ्रेंच ओपन

# दूसरी बार सेमीफाइनल में एंड्रीवा, क्रिस्टी को हराया

एजेंसी ▶▶| पेरिस



19 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने अपने करियर में दूसरी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एंड्रीवा ने स्टेड रोलैंड गैरोस के कोर्ट फिलिप चैटियर पर खेले गए मैच में रोमानिया की सोराना क्रिस्टी को 6-0, 6-3 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 56 मिनट तक चला। रोलैंड गैरोस में अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के 2 साल बाद, इस युवा खिलाड़ी ने आसानी से टॉप-4 में जगह बनाते हुए डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी मौजूदगी को और मजबूत कर लिया है। मैच की शुरुआत से ही एंड्रीवा ने अपना दबदबा बनाए रखा। रूसी खिलाड़ी ने पहले छह गेम में सिर्फ 9 अंक गंवाए और 36 वर्षीय क्रिस्टी को एक भी गेम प्वाइंट नहीं दिया। एंड्रीवा ने पहला सेट सिर्फ 22 मिनट में अपने नाम कर लिया। अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टर-फाइनल के दूसरे सेट में क्रिस्टी ने खाता खोला। इसके बाद वह पहले छह गेम तक एंड्रीवा के साथ बराबरी पर रहीं।



### कोस्त्युक ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

**पेरिस।** मौजूदा सत्र में क्ले कोर्ट पर शानदार लय में चल रहीं मार्ता कोस्त्युक ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका सामना रूस की युवा खिलाड़ी मीरा आंद्रिवा से होगा। कोस्त्युक ने अंतिम 8 मुकाबले में हमवतनल एलिना स्वितोलिना को 6-3, 2-6, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक सेट के महत्वपूर्ण अंकों पर 15वीं वरीय कोस्त्युक अधिक प्रभावी रहीं। इस जीत के साथ क्ले कोर्ट पर उनका 2026 का रिकॉर्ड 17-0 हो गया। कोस्त्युक पेशेवर युग (1968 के बाद) में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली यूक्रेन की पहली महिला बन गई हैं।

## खबर संक्षेप



### ब्रिटिश ओपन से बाहर अभय और चोटरानी

**बर्मिंघम।** भारत के अभय सिंह और वीर चोटरानी पुरुष वर्ग के दूसरे दौर के मैचों में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करने में नाकाम रहे और यहां अपने-अपने मैच हारकर ब्रिटिश ओपन स्क्वाश से बाहर हो गए। विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय एक करीबी मुकाबले में मिस्र के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद जकारिया से 9-11, 4-11, 11-7, 10-12 से हार गए। एक अन्य मैच में विश्व के 40वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी को वेल्श के विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी जोएल मैकिन ने 12-10, 11-9, 11-3 से हराया। अनाहत सिंह और रमित टंडन पिछले सप्ताह पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

### लालथंटलुआंगी और शिल्पी महिला हॉकी टीम में शामिल



**नई दिल्ली।** युवा डिफेंडर लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत को टूर्नामेंट में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। पूल चरण के अंतिम मैच में उसका मुकाबला 18 जून को उरुग्वे से होगा। सेमीफाइनल 20 जून और फाइनल 21 जून को खेला जाएगा। सलीमा टेटे इस टूर्नामेंट में भी टीम की कप्तानी करेगी। सविता और बिचु देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### टीम इंडिया के स्पिन गेंदबाजी कोच बने बहुतुले



**मुंबई।** पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले को पुरुष राष्ट्रीय टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया, जो पहले देश की अंडर-19 और भारत ए टीम के साथ काम कर चुके हैं। बहुतुले दो टेस्ट और आठ वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह हाल में समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के साथ थे। बीसीसीआई ने कहा, 'बीसीसीआई को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि साईराज बहुतुले को भारतीय क्रिकेट टीम (सीनियर टीम) का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।' घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 53 साल के बहुतुले ने लगभग दो दशकों तक चले प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर में 630 विकेट चटकाए हैं और 6,176 रन जुटाए।

## अफगानिस्तान टेस्ट से पहले बीसीसीआई ने लिया अचानक फैसला

# आकिब ने टीम इंडिया में मारी एंट्री टेस्ट के लिए स्क्वाड में हुए शामिल

बल्लेबाजों को नेट पर अभ्यास कराएंगे नबी और प्रिंस

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत के नेट अभ्यास सत्र के लिए चुने गए 6 गेंदबाजों में शामिल किया गया है। नबी को इस मैच के लिए टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने पर चयन समिति को आलोचना का सामना करना पड़ा था। नबी के अलावा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर जीशान अंसारी को भी नेट अभ्यास के लिए बुलाया गया है क्योंकि अफगानिस्तान की टीम में कलाई के स्पिनर होने की संभावना है। नेट अभ्यास के लिए जिन अन्य गेंदबाजों को बुलाया गया है उनमें बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर शिवांग कुमार, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, आईपीएल की खोज तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और ऑफ स्पिनर सारांश जैन शामिल हैं।



### आकिब को आईपीएल में भी खेलने का मिला मौका

रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने की वजह से आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में भी आकिब नबी की बंपर कमाई हुई थी। आकिब को ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपए में खरीदा था। हालांकि नबी का डेब्यू आईपीएल सीजन इतना अच्छा नहीं रहा। आकिब नबी को आईपीएल 2026 में 5 मैच खेलने के मौके मिले, जिसमें उन्होंने 11.46 की इकॉनमी से रन दिए और एक भी विकेट नहीं लिया। लेकिन रेड बॉल से नबी ने अब तक डॉमेस्टिक क्रिकेट में काफी नाम कमाया है।

### 6 जून से शुरू होगा टेस्ट

भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून से शुरू होगा। टेस्ट मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। टीवी पर भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला टेस्ट मैच स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

### नेट गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल 6 बॉलर्स

भारतीय क्रिकेट बोर्ड कहा, 'गुरजपनीत सिंह, आकिब नबी, प्रिंस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी और शिवांग कुमार टेस्ट मैच की तैयारी में टीम की मदद करने के लिए नेट गेंदबाज के रूप में भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं।' इससे पहले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'आकिब नबी को भारतीय नेट अभ्यास सत्र में शामिल होने के लिए कहा गया है। आकिब ही नहीं पांच अन्य गेंदबाजों को भी नेट अभ्यास के लिए बुलाया गया है। भारतीय टीम के दो प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा सात दिन में आईपीएल के तीन मैच खेलने के कारण नेट अभ्यास में पूरी ताकत नहीं झोंक सकते हैं। बल्लेबाजों को पर्याप्त अभ्यास की जरूरत है।

### गुजरात टाइटंस के सात खिलाड़ी टेस्ट टीम का हिस्सा

नबी ने 60 विकेट लेकर जम्मू कश्मीर को रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन भारतीय टीम में उनके बजाय पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को प्राथमिकता दी गई। भारतीय टीम के पहले अभ्यास सत्र में आईपीएल फाइनल में खेलने वाले खिलाड़ियों को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। आईपीएल की उपविजेता गुजरात टाइटंस के सात खिलाड़ी (कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन, गुरनूर बराड़, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार और वाशिंगटन सुंदर) टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

# दिव्या टाइटल रेस में कायम प्रज्ञानानंदा-गुकेश जीते



एजेंसी ▶▶| ओस्लो

पिछले दौर में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शानदार वापसी करके खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

विश्व चैंपियन डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा ने ओपन वर्ग में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि दिव्या देशमुख ने महिला वर्ग में हमवतन कोनेरु हम्पी को हराया। छठे दौर में चारों भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा था। गुकेश ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो के खिलाफ मुकाबले में 1.5 अंक हासिल किए। उन्होंने क्लासिकल बाजी में मौका गंवाने के बाद आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके अपना कुल स्कोर 8 अंक पर पहुंचाया। वह हालांकि छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं।

### दिव्या ने की अपनी स्थिति मजबूत

दिव्या ने हम्पी को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उन्हें अगले दौर में शीर्ष पर चल रही बिबिसारा असौबायेवा का सामना करना है जिसमें जीत पर वह बढ़त हासिल कर सकती है। असौबायेवा ने हालांकि अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए क्लासिकल बाजी में चीन की झू जिनर को हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। उनके अब 12.5 अंक हैं। दिव्या के 10 अंक हैं।

### प्रज्ञानानंदा ने हासिल किए पूरे 3 अंक



प्रज्ञानानंदा ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा को लगातार दूसरी बार क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। उनके अब 9 अंक हो गए हैं। प्रज्ञानानंदा इसके बावजूद पांचवे जबकि गुकेश छठे स्थान पर बने हुए हैं। इस टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं और भारतीय खिलाड़ियों के पास वापसी करके शीर्ष पर पहुंचने का मौका है। वेस्ली सो 12.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि अलीरेजा 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा, विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और जर्मनी के विंसेंट कीमर सभी समान 9 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। सात बार के चैंपियन कार्लसन ने कीमर को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराया।

### पोडियम के शीर्ष स्थान पर अतीका राष्ट्रगान बजने पर हुईं भावुक

**थेसालोनिकी।** महज 11 वर्षीय भारतीय रेसर (कार्ट रेसिंग ड्राइवर) अतीका मीर ने विश्व मोटरस्पोर्ट मंच पर अपनी प्रतिभा का एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए 'चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर' अकादमी प्रोग्राम के दूसरे दौर में क्वालिफाइंग, हीट रेस और फाइनल्स में जीत दर्ज कर करियर की सबसे प्रभावशाली सफलता हासिल की। ट्रैक पर पूरे सप्ताहांत संयम और आत्मविश्वास के साथ कमाल का प्रदर्शन करने वाली अतीका पोडियम के शीर्ष स्थान पर खड़ी होकर भारतीय राष्ट्रगान बजने के दौरान भावुक हो गईं।

#### अतिका ने प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में कायम किया दबदबा

फार्मूला वन अकादमी का समर्थन पाने वाली अतीका ने ओके-एनजे (12-14 वर्ष आयु वर्ग) श्रेणी में बेहद प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में दबदबा कायम किया। उन्होंने इस वर्ग में अपने पहले ही सत्र में कई अनुभवी पुरुष ड्राइवरों को कड़ी चुनौती देते हुए असाधारण प्रदर्शन किया। पूरे सप्ताहांत अतीका का प्रदर्शन अन्य प्रतिभागियों से कहीं बेहतर रहा। क्वालिफाइंग से लेकर हीट रेस और दोनों फाइनल्स तक उन्होंने अपना दबदबा बनाए रखा। इस शानदार उपलब्धि के साथ वह श्रृंखला के इतिहास में क्वालिफाइंग, हीट्स और फाइनल्स में सूपड़ा साफ करने वाली तीसरी ड्राइवर बन गईं। अतीका ने कहा, यह ट्रैक बेहद कठिन और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैं सभी रेस जीतने में सफल रही। जब राष्ट्रगान बजा तो मैं भावुक हो गई।

# इंडोनेशिया ओपन : सिंधू ने 51 मिनट में थाईलैंड खिलाड़ी को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

पीवी सिंधु ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बावजूद सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन किदांबी श्रीकांत पहले दौर की बाधा पार करने में नाकाम रहे।

सिंधु ने इस सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के मैच में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 51 मिनट में 25-23, 21-16 से पराजित किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्हें पहले गेम में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक



अपनी लय बरकरार रखी और सीधे गेम में जीत दर्ज की। गैर-वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सिंधु का सामना दूसरे दौर में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हो सकता है, जिन्होंने उन्हें पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराया था।

आन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 9 मैच खेले गए हैं उन सभी में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा।

## फीफा वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारियों को कोलंबिया ने किया पुख्ता

# कोलंबिया ने कोस्ट रिका को हराया, डियाज ने दागा शानदार गोल

एजेंसी ▶▶| बोगोटा

कोलंबिया ने एल कैंपिन स्टेडियम में एक इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच में कोस्टा रिका को 3-1 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता किया। लुइस डियाज टीम की इस जीत के नायक रहे। बायर्न म्यूनिख के विंगर लुइस डियाज मुकाबले के स्टार रहे, उन्होंने एक गोल और एक असिस्ट भी किया, जिससे कोलंबिया ने 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले अपने घरेलू फैंस के सामने शानदार प्रदर्शन किया।

डिफेंडर डेविंसन सांचेज ने कोलंबिया को शुरुआती बढ़त दिलाई जब उन्होंने डियाज के कॉर्नर किक पर सबसे ऊपर उठकर हेडर से गोल किया। खबर के मुताबिक, मेजबान टीम ने मैच पर कंट्रोल बनाए रखा और इसके तुरंत बाद डियाज के किए गोल की बदौलत अपनी बढ़त को 2-0 कर दिया।



### कोस्टा रिका ने दिया सकारात्मक जवाब

कोस्टा रिका ने सकारात्मक जवाब दिया और 33वें मिनट में मैच का अपना पहला गोल दागा। हाफ टाइम से ठीक पहले जोसिमर अल्कोसर ने शानदार पास देकर मौका बनाया, जिस पर एंड्री सोटो ने हेडर के जरिए गोल कर दिया। इस गोल से मेहमान टीम की मैच में वापसी की उम्मीदें बढ़ गईं। हालांकि, पूरे मैच में कोलंबिया का दबदबा बना रहा और टीम ने अधिकांश समय बेहतर खेल दिखाया। मैच खत्म होने से करीब 10 मिनट पहले कोलंबिया ने अपनी जीत लगभग पक्की कर दी। स्पोर्टिंग लिस्बन के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज ने अनुभवी प्लेमेकर जेम्स रोड्रिगेज के लंबे पास को शानदार तरीके से नियंत्रित किया। इसके बाद उन्होंने दूर के कोने में जोरदार शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया और स्कोर 3-1 कर दिया।

## यहां स्कूलों में पिलाई जाती थी शराब, खुद मां-बाप भेजते थे बोतल

**पेरिस।** आज के समय में शराब को स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक माना जाता है। सरकारें इसे छोड़ने की अपील करती हैं, स्कूलों में सख्ती बरती जाती है और बच्चों को इससे दूर रखने की कोशिश की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि कुछ दशक पहले फ्रांस में ठीक उलटा हो रहा था? फ्रांस के स्कूलों में बच्चों को नियमित रूप से शराब पिलाई जाती थी। माता-पिता खुद बच्चों के लंच बॉक्स में वाइन, बीयर या साइडर की बोतल डालकर भेजते थे। लंच ब्रेक में बच्चे दोस्तों के साथ बैठकर पेग बनाते और एंजॉय करते थे।

### आम थी परंपरा

यह परंपरा 20वीं सदी के मध्य तक फ्रांस के कई इलाकों में आम थी। उस समय शराब को पौष्टिक भोजन का हिस्सा माना जाता था। लोग मानते थे कि शराब पानी से ज्यादा सुरक्षित है, क्योंकि पानी अक्सर दूषित होता था। साथ ही इसे पाचन शक्ति बढ़ाने और शरीर को गर्म रखने वाला माना जाता था। छोटे बच्चों को दिन में आधा लीटर तक शराब दी जाती थी। उम्र बढ़ने के साथ मात्रा भी बढ़ जाती थी। स्कूलों में लंच टाइम सबसे मजेदार होता था। बच्चे अपनी-अपनी बोतल निकालते, दोस्तों के साथ शेयर करते और खाने के साथ शराब पीते थे।






स्टडी

# सिंगल लोग खुश हैं या शादी करने वाले?

## नई रिसर्च में हुआ हैरान करने वाला खुलासा, तोड़ दिया पुराना भ्रम

**निकोसिया।** सदियों से समाज में यह माना जाता रहा है कि एक रोमांटिक पार्टनर का होना ही इंसान की असली खुशी और मानसिक शांति की गारंटी है। लोग सोचते हैं कि जो सिंगल हैं, वे दुखी हैं और जो कपल हैं, वे बेहद भाग्यशाली हैं। लेकिन, साल 2026 की एक नई और बड़ी साइंटिफिक स्टडी ने इस पुरानी सोच को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया है। रिसर्चर्स ने दावा किया है कि एक घुटने वाले या खराब रिश्ते में रहने से कहीं ज्यादा बेहतर और मानसिक रूप से सेहतमंद इंसान का सिंगल रहना है। यह स्टडी साफ करती है कि जबरदस्ती का रिश्ता आपकी मानसिक सेहत को बर्बाद कर सकता है।



### हजारों लोगों पर सालों तक चली रिसर्च

इस अनोखी स्टडी को निकोसिया यूनिवर्सिटी के मेनेलाओस अपोस्टोलू और यरूशलेम की हिब्रू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एल्याकिम किसलेव ने लीड किया है। यह पूरी रिपोर्ट 'पर्सनालिटी एंड इंडिविजुअल डिफरेंसेस' जर्नल में पब्लिश की गई है। वैज्ञानिकों ने जर्मनी में हुए एक बड़े सर्वे के तहत लगभग 12,000 लोगों के डेटा का बारीकी से विश्लेषण किया। इस स्टडी की सबसे खास बात यह थी कि इसमें शामिल लोगों की खुशियों और उनके रिलेशनशिप स्टेटस में आने वाले बदलावों को कई सालों तक लगातार ट्रैक किया गया।

### रिश्ते का टैग नहीं, क्वालिटी है जरूरी

प्रोफेसर किसलेव के अनुसार, रिसर्च में यह बात सामने आई कि खुश रहने के लिए यह जरूरी नहीं है कि आपके पास कोई पार्टनर है या नहीं। बल्कि, सबसे जरूरी बात यह है कि आपके रिश्ते की क्वालिटी कैसी है। स्टडी से पता चला कि जो लोग एक बेहतरीन और समझदारी वाले रिश्ते में थे, वे सबसे ज्यादा खुश थे। लेकिन, जो लोग एक खराब या बस नाम के रिश्ते को खींच रहे थे, उनकी मानसिक स्थिति अकेले रहने वाले सिंगल लोगों से भी ज्यादा खराब पाई गई।

### समझौता करने से बेहतर है अकेले रहना

इस पूरी रिसर्च का कुल निचोड़ यही है कि एक अच्छे और सच्चे पार्टनर के साथ जुड़ना बेशक आपकी जिंदगी को खूबसूरत बनाता है। लेकिन, सिर्फ समाज के डर से या अकेलेपन से बचने के लिए किसी गलत इंसान के साथ समझौता कर लेना सबसे बड़ी भूल है। एक कड़वे रिश्ते में रहकर रोज-रोज घुटने से लाख गुना बेहतर है कि आप सिंगल रहें, खुद से प्यार करें और अपनी मानसिक शांति को पहली प्राथमिकता दें।

### सिंगल लोग जी रहे हैं ज्यादा सुकून की जिंदगी

रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि खराब या औसत दर्जे के रिश्तों में रहने वाले लोग हर दिन मानसिक तनाव, लड़ाई-झगड़े और असंतोष का सामना करते हैं। यह स्थिति उनके दिमाग पर एक बड़ा बोझ डालती है। इसके विपरीत, जो लोग सिंगल हैं, वे किसी भी तरह के इमोशनल ड्रामे से दूर रहते हैं। उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक भावनाएं महसूस करने के ज्यादा मौके मिलते हैं। इसलिए वे एक टॉक्सिक रिलेशनशिप में रहने वाले इंसान से कहीं ज्यादा सुकून में हैं।






## 6 साल से बंद नहीं हुई आंखें और लगातार बहते रहते हैं आंसू

**बीजिंग।** चीन से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। जहां एक महिला ने खूबसूरत दिखने के लिए एक सर्जरी कराई थी, जो उसे भारी पड़ गया। हर किसी की चाहत होती है कि वो खूबसूरत दिखे। कई लोग खूबसूरत दिखने के लिए कॉस्मेटिक सर्जरी की मदद लेते है। कई बार इसके नतीजे अच्छे होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में यह जीवन भर का दर्द दे जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला ने वर्ष 2020 में डबल आईलिड सर्जरी कराई थी, जो आंखों की पलकों को ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए की जाती है। लेकिन, सर्जरी के बाद महिला की हालत खराब होने लगी। अब ऐसा हो गया है कि बीते छह साल से वो अपनी आंखों पूरी तरह बंद करके सो भी नहीं पाती है। पूर्वी चीन की रहने वाली महिला का नाम वांग है। उसने जियांग्सू प्रांत के सूझोउ शहर में एक कॉस्मेटिक क्लिनिक में आंखों की सर्जरी कराई थी। उसने इसके लिए 12 हजार युआन (1.4 लाख रुपए) खर्च किए थे। महिला को उम्मीद थी कि सर्जरी के बाद उसकी आंखें ज्यादा आकर्षक और बड़ी दिखेंगी। लेकिन, सर्जरी के बाद उसे महसूस हुआ कि कुछ गड़बड़ हो चुकी है।



## डायनासोर की दुनिया का बगुला आया सामने!

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के पैटागोनिया में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी प्रजाति खोजी है, जो डायनासोर के बारे में हमारी सोच बदल देगी। 'कनक ऑस्ट्रेलिस' नाम का यह जीव करीब 7 करोड़ साल पहले धरती पर था। मशहूर वेलोसिराप्टर का 'रिश्तेदार' होने के बावजूद, यह जमीन पर शिकार करने के बजाय नदियों और तालाबों के किनारे घात लगाकर बैठता था। इसकी लचीली गर्दन और बनावट बिल्कुल आधुनिक बगुले जैसी थी, जिससे यह पानी में पलक झपकते ही मछलियों को दबोच लेता था। कशेरुकी जीवाश्म विज्ञान पत्रिका में छपी रिसर्च बताती है कि पैटागोनिया की नदियों में रहने वाला यह शिकारी मछली, मेंढक और छोटे जीवों को अपना निशाना बनाता था।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com